


दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 61 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 25 मार्च, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


वीर नारी व वीरांगना मिलन समारोह में दिखा राष्ट्र सेवा का जज्बा

## सैनिक की पुत्री होने का मुझे भी है गर्वः डिप्टी सीएम दिया कुमारी






जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को मिलिट्री स्टेशन में सप्त शक्ति कमांड की ओर से आयोजित वीर नारी व वीरांगना मिलन समारोह में शिरकत की। उन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले देश के वीर जवानों की वीरांगनाओं को सम्मानित कर राष्ट्रहित में उनके त्याग व बलिदान को नमन किया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में वीरांगनाओं की समृद्ध विरासत है और यहां 11,443 वीर नारियां है। समारोह में जयपुर, दौसा और अलवर जिलों से 67 वीर नारियों ने भाग लिया। इनके अलावा वीरांगनाएं, भूतपूर्व सैनिक, सेवारत सैनिक और उनके परिवार भी समारोह में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में उनके अपार बलिदान और निस्वार्थ योगदान को याद करते हुए वीर नारियों को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अपने संबोधन में निस्वार्थ सेवा, समर्पण और वीरता के लिए सैनिकों और गौरव सेनानियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने वीर नारियों की ओर से अपने परिवारों और समाज के लिए शक्ति का स्तंभ बनने में दिए गए समर्थन और महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। उपमुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और वीर नारियों और गौरव सेनानियों के कल्याण के लिए सप्त शक्ति कमान की ओर से किए गए प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार गौरव सेनानियों, वीर नारियों और वीरांगनाओं के कल्याण और विकास को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करने के लिए तैयार है। उन्होंने समाज और राष्ट्र के लिए अमूल्य योगदान के लिए वीर नारियों, वीरांगनाओं और गौरव सेनानियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल शहीदों के परिवारों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में राष्ट्रीय सेवा और बलिदान के महत्व को भी उजागर करते हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा शहीदों के शौर्य, पराक्रम और त्याग की मिसाल उनके परिवार भी है, जो पूरा जीवन तपस्या की तरह निभाते हैं। हमारा समाज वीर नारियों और विरांगनाओं का सदैव ऋणी रहेगा, चाहे स्वतन्त्रता संग्राम की बात हो या फिर रणभूमि में राखी भेजने वाली माताओं और बहनों के रूप में हमेशा राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाएं हमारे देश का गौरव है, सेना के शौर्य पर हमें गर्व है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना सशक्त व आत्मनिर्भर हुई हैं। प्रधानमंत्री स्वयं सैनिकों के साथ बॉर्डर पर दिवाली त्यौहार मनाते है। सैनिकों का भारत की एकता और अखण्डता को बनाए रखने में मुख्य योगदान हैं, यहीं कारण है कि हर देशवासी को इस शौर्य पर अटूट विश्वास है। मुझे गर्व है कि मैं भी एक सैनिक की पुत्री हूं।

दिया कुमारी ने कहा कि नारी सम्मान हमारी भारतीय संस्कृति का अंग है। यह हर्ष का विषय है कि आवा अध्यक्ष मिसेज मनजिंदर सिंह जी के नेतृत्व में सैनिक परिवारों के कल्याण, बच्चों की शिक्षा, उनके विकास, वीर नारी और विरांगनाओं के सम्मान, सशक्तिकरण के लिए लगातार अनेक कार्यक्रम कर रही है जो कि प्रशंसनीय हैं। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, शहीद सैनिकों के लिए मोक्षधाम बनाने, सस्ती दरों में केंटीन व्यवस्था, और वीरांगनाओं के रोजगार में आ रही परेशानी को दूर करने, वृद्धाश्रम के लिए प्रयास करने जैसे कार्य किया जाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मैं जब सवाई माधोपुर से विधायक थी,।तब मैंने भी युवाओं में सेना में जाने की भावना को ध्यान में रखते हुए सैनिक भर्ती शिविर का आयोजन करवाया था और मेरे पूर्व संसदीय क्षेत्र राजसमंद में बड़ी संख्या में सैनिक परिवार रहते है जिनके लिए ब्यावर में सीएसडी कैन्टीन एक्सटेंशन काउंटर खुलवाया गया और विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर में भी सैनिक स्कूल की खुला हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में शहीदों, महापुरूषों, वीरांगनाओं को सम्मान व राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा मिला है। मेरा यह प्रयास रहेगा कि मैं वीर नारी व वीरांगनाओं और सैनिक हितों के लिए हर सम्भव प्रयास करूं। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल (आर्मी कमांडर) मनजिंदर सिंह, एडमिरल माधवेंद्र सिंह, आरपीए बरिंदरजीत कौर सहित सेना के अन्य अधिकारी व वीरांगनाएं उपस्थित रहीं।



## सांसदों के वेतन और भत्ते में 24 प्रतिशत की वृद्धि

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। केंद्र सरकार ने सांसदों के वेतन में 24 प्रतिशत की वृद्धि को अधिसूचित कर दिया है। यह बढ़ोतरी 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी और इसे मूल्य वृद्धि सूचकांक के आधार पर तय किया गया है। संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, न केवल सांसदों के वेतन में वृद्धि की गई है, बल्कि बैठकों में भाग लेने पर मिलने वाले दैनिक भत्ते, पूर्व सांसदों की पेंशन, और अतिरिक्त सेवा वर्षों के लिए दी जाने वाली पेंशन में भी बढ़ोतरी की गई है।

**नए वेतन और भत्ते इस प्रकार हैं**

**सांसदों का मासिक वेतन**

पहलेः 1,00,000 प्रति माह
अबः 1,24,000 प्रति माह

दैनिक भत्ता (संसद सत्र के दौरान बैठकों में भाग लेने पर)
पहलेः 2,000 प्रति दिन
अबः 2,500 प्रति दिन

**पूर्व सांसदों की मासिक पेंशन**

पहलेः 25,000 प्रति माह
अबः 31,000 प्रति माह

**अतिरिक्त पेंशन (प्रतिवर्ष एक कार्यकाल के बाद)**

पहलेः 2,000 प्रति माह
अबः 2,500 प्रति माह

**टिकाऊ फर्नीचर (एक कार्यकाल)**

पहलेः 80 हजार प्रति माह
अबः1 लाख प्रति माह

**गैरटिकाऊ फर्नीचर (एक कार्यकाल)**

पहलेः 20 हजार प्रति माह
अबः 25 हजार प्रति माह

सरकार ने यह बढ़ोतरी सांसद वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम के तहत आयकर अधिनियम, 1961 में निर्दिष्ट मूल्य वृद्धि सूचकांक के आधार पर अधिसूचित की है। इस सब में अहम बात यह है कि, सासंदों की सैलरी पर कोई टैक्स नहीं लगता है। बढ़ोत्तरी में सांसदों के दैनिक भत्ते और कार्यालय खर्च को भी शामिल किया गया है। सांसदों के कंप्यूटर का ज्ञान रखने वाले सहायक के लिए 40 हजार की जगह 50 हजार रुपए प्रतिमाह तो स्टेशनरी के लिए 20 हजार की जगह 25 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। सांसदों को वेतन के अलावा कई तरह की अन्य सुख-सुविधाएं भी मिलती हैं। जिनमें कई सुविधाएं उनके परिवार के लोगों के लिए भी होती हैं। इसमें पत्नी के लिए कई फ्री हवाई सफर,असीमित ट्रेन का सफर जैसी सुविधाएं शामिल होते हैं। एक सांसद को 50 हजार यूनिट फ्री बिजली, 1 लाख 70 हजार फ्री कॉल्स, 40 लाख लीटर पानी, रहने के लिए सरकारी बंगला शामिल होता है।

### न्यूज इनबॉक्स

## सड़क हादसे में शिक्षा मंत्री के भतीजे की मौत

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। बारां जिले में एक सड़क हादसे में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के भतीजे की मौत हो गई। ये घटना जिले के अरड़ांद गांव के पास हुई। जानकारी में सामने आया है कि भंवरलाल दिलावर अपनी बाइक से जा रहे थे। तभी एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वो गंभीर घायल हो गए।

जिनकी बारां जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं हादसे की जानकारी मंत्री मदन दिलावर को लगने के बाद वो भी अपने पैतृक गांव पहुंचे। अटरू के पुलिस उपाधिक्षक पुष्पेन्द्र सिंह आड़ा ने बताया कि घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाशी के लिए टीमें लगाई गई है। 54 वर्षीय मृतक भंवरलाल दिलावर चरडाना के रहने वाले थे।

जो कि बगली स्थित सरकारी स्कूल में टीचर के पद पर कार्यरत थे। सोमवार को स्कूल में तबीयत खराब होने के बाद चरडाना सीएचसी में इलाज कराने गए थे। अस्पताल से लौटते समय आमली के पास एक वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वो बाइक से उछलकर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें एंबुलेंस से बारां जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## चार लेन का बनेगा जोधपुर-नागौर हाईवे

जयपुर टाइम्स

जोधपुर(निसं.)। जोधपुर और नागौर के निवासियों के लिए अच्छी खबर है। जोधपुर-नागौर हाईवे को चार लेन में अपग्रेड करने की मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस परियोजना को स्वीकृति दी है। साथ ही, बावड़ी कस्बे से 6.55 किलोमीटर लंबा बाईपास भी बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय यातायात को राहत मिलेगी।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के प्रयासों को विशेष रूप से सराहा जा रहा है। केंद्र सरकार ने इसके लिए 787.33 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की है। सड़क अपग्रेडेशन से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

## एक देश एक चुनाव पर चर्चा आज, बढ़ सकता है समिति का कार्यकाल

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव पर संसद की संसदीय समिति मंगलवार को विचार-विमर्श करेगी।

सूत्रों की माने तो अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य



न्यायाधीश न्यायमूर्ति और दूरसंचार विवाद निपटान व अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष डीएन पटेल इस सुनवाई में अपनी राय देंगे सूत्रों के मुताबिक, समिति का कार्यकाल एक या दो दिन बढ़ाया जा सकता है, क्योंकि भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए और समय की आवश्यकता होगी। समिति को यह रिपोर्ट 4 अप्रैल को समाप्त होने वाले संसद के चालू सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन प्रस्तुत करनी थी, लेकिन अब समय बढ़ने की संभावना है।

समिति इस समय कानूनी विशेषज्ञों से विचार-विमर्श कर रही है और अन्य हितधारकों से भी राय ले रही है। इस प्रक्रिया में वेंकटरमणी और पटेल समिति के सामने अपनी राय पेश करेंगे। अब तक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश यू यू ललित और रंजन गोगोई, प्रसिद्ध वकील हरीश साल्वे, और दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ए पी शाह समिति के सामने अपनी राय दे चुके हैं। इन विशेषज्ञों ने संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा की, जो लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की दिशा में है। हालांकि मामले में विपक्षी सदस्य इस प्रस्ताव पर सवाल उठा रहे हैं और यह जानना चाहते हैं कि क्या यह कदम संविधान के अनुरूप है। वे सरकार से यह भी जानना चाहते हैं कि एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में क्या तर्क हैं। वर्तमान में समिति में 38 सदस्य हैं, जिनमें से दो विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। देखा जाए तो समिति की यह सुनवाई इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेने के लिए एक अहम कदम हो सकती है, जिससे भविष्य में चुनाव प्रक्रिया पर बड़ा असर पड़ेगा।

राजस्थान विधियां (संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित

## नगर सुधार न्यास और प्राधिकरणों के कार्मिकों के लिए बनेंगे समान सेवा नियमः खर्रा

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। नगरीय विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम निर्णय के बाद ही राजस्थान विधियां (संशोधन) विधेयक लाया गया है। इसमें किसी प्रकार के अनुचित प्रावधान नहीं रखे हैं, जिससे किसी भी प्राधिकरण की शक्तियां कम नहीं होंगी और ना ही किसी का अहित होगा। खर्रा सोमवार को



विधान सभा में राजस्थान विधियां (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा के बाद जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संचालित विभिन्न नगर सुधार न्यासों व विकास प्राधिकरणों में कार्यरत कार्मिकों के सेवा सम्बंधित प्रावधान अलग-अलग होने से कार्मिकों पर राज्य सरकार का प्रत्यक्ष नियंत्रण नहीं है। वर्तमान में नगर सुधार न्यासों की ओर से ही कार्मिकों की सेवा शर्तें, सेवा संवर्ग आदि का निर्धारण किया जाता है। संशोधन के बाद अब राज्य सरकार सभी न्यासों व प्राधिकरणों के लिए एक समान सेवा-शर्तें व संवर्ग संख्या आदि का निर्धारण कर सकेगी। सरकार की ओर से ही कार्मिकों के लिए एक समान सेवा शर्तें, स्थानातंरण और अनुशासनात्मक कार्यवाही से सम्बंधित नियम बनाए जा सकेंगे। नगरीय विकास राज्य मंत्री ने कहा कि विधि निदेशक के पद पर जिला न्यायधीश या संयुक्त विधि परामर्शी के समकक्ष या उच्च पद के व्यक्ति का पदस्थापन हो सकता है। अब सर्वोच्च न्यायलय के निर्णय के अनुरूप इस विधेयक के माध्यम से जिला न्यायाधीश शब्द का प्रावधान हटाया जा रहा है।

देवनानी ने दी तल्ख लहजे में बाहर निकालने की चेतावनी

## पूरक प्रश्न पर जूली और देवनानी के बीच तकरार, कांग्रेस का वाकआउट

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान जबरदस्त हंगामा हो गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बिजली से जुड़े एक सवाल पर पूरक प्रश्न पूछने के लिए खड़े हुए लेकिन स्पीकर वासुदेव देवनानी ने यह कहते हुए अनुमति देने से मना कर दिया कि यह एक विधानसभा का सवाल है, इसलिए इस पर आपका पूरक प्रश्न नहीं बनता। प्रांत का प्रश्न होता तो आप पूछते। जूली ने इसका विरोध किया तो देवनानी तैश में आ गए। देवनानी ने कहा कि मैं आपको जितना कॉपरेट कर रहा हूं, आप लोग गलत फायदा उठा रहे हो। मैं आपको 3 बार पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति दे चुका हूं। इस पर जूली बिफर गए और बोले कि आप सवाल पूछने की अनुमति



देकर हम पर कोई अहसान नहीं कर रहे हो, यह विपक्ष का हक है। लेकिन स्पीकर ने अनुमति देने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया और अगला सवाल पुकार दिया। जूली ने इसका विरोध किया और कांग्रेस के विधायक जूली के समर्थन में अपनी सीटों से खड़े होकर वेल की तरफ आ गए। स्पीकर इस पर आगबबूला हो गए। उन्होंने प्रतिपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि आप आगे मुझसे मदद की कोई उम्मीद मत करना, आप आसन को इस तरह से डिक्टेट नहीं कर सकते। देवनानी ने तल्ख लहजे में कहा कि मुझे कठोर कार्रवाई के लिए मजबूर मत करिए, लेकिन प्रतिपक्ष के विधायक विरोध करते हुए वेल में उतर गए और फिर हंगामा और नारेबाजी शुरू हो गई। देवनानी ने नेता प्रतिपक्ष को चेताते हुए कहा कि आप अपनी सीटों पर चले जाएं। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा सत्र में भी आखिरी में गड़बड़ हुई थी। सोमवार भी आखिरी दिन है, मुझे मजबूर मत करो कि आप लोगों को बाहर भिजवाना पड़े लेकिन प्रतिपक्ष की नारेबाजी नहीं रुकी। इस पर देवनानी ने बोला कि अध्यक्ष क्या होता है, यह रूलिंग करके आपको बताऊंगा। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बाड़मेर में मातृ वंदन से करेंगें राजस्थान उत्सव दिवस का आगाज



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम में मातृ वंदन कार्यक्रम के साथ राजस्थान दिवस उत्सव का आगाज करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में शिरकत करने के साथ विभिन्न जिलों के लाभार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद करेंगे। इधर, मुख्यमंत्री की बाड़मेर यात्रा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को दोपहर 3 बजे बाड़मेर जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में पहुंचेंगे। जहां उच्च शिक्षा विभाग की कालीबाई भील योजना के तहत बालिकाओं को स्कूटियां वितरित करेंगे। इस दौरान लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत 30 हजार लाभार्थियों के खातों में डीबीटी की जाएगी। इसके अलावा महिला स्वयं सहायता समूहों को सीआईएफ राशि 100 करोड़ रूपए हस्तांतरित की जाएगी। जिला कलक्टर ने बताया कि राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में ऊर्जा विभाग की ओर से 5 हजार महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप वितरण के साथ विवेकानंद स्कॉलरशिप के चयन पत्रों का वितरण, गार्गी पुरस्कार योजना, बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के तहत 31790 लाभार्थियों के खातों में 13.16 करोड़ की राशि हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत, उद्योग व वाणिज्य राज्यमंत्री के.के.विश्नोई के साथ विभिन्न जन प्रतिनिधि, विभागीय उच्च अधिकारी व नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों के साथ लाभार्थियों से संवाद व संबोधित करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मंगलवार सांय 5 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करने का कार्यक्रम निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार वृहद् स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप 25 से 31 मार्च तक प्रदेश भर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के गरीब, युवा, महिला और किसानों को विशेष सौगातें दी जाएगी। इसके साथ ही निवेश उत्सव, सुशासन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। राजस्थान दिवस समारोह का आगाज मंगलवार को मरूधरा बाड़मेर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित मातृ वंदन को समर्पित 'महिला सम्मेलन' से होगा।

### मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर प्रशासन मुस्तैद :

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मंगलवार को बाड़मेर जिले की प्रस्तावित यात्रा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। जिला कलक्टर टीना डाबी, जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने आदर्श स्टेडियम में कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
25 मार्च, 2025

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का बयान

जयपुर टाइम्स

अलवर/जयपुर(नि.सं.)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले कि राजस्थान विधासभा के पहले दिन और अंतिम दिन सरकार और उनके मंत्रियों का वही हाल है वे विपक्ष द्वारा जनहित के मुद्दों पर पूछे जा रहे सवालों का जवाब ही नहीं दे पा रहे है। उन्होंने कहा कि जो सरकार पहले दिन विपक्ष के सवालों घिरी ओर वह आज भी घिर रही है। उन्होंने कहा



कि प्रश्न काल में सरकार के मंत्री जवाब नहीं दे पाए, विशेष रूप से बच्चों से जुड़े हुए सवालों के ज वा ब स्कॉलरशिप से जुडा सवाल जब मैंने पूछा तो मंत्री बात नहीं रख पाए सरकार के मंत्रियों की कोई तैयारी ही नहीं है। उन्होंने कहा कि बिजली पानी जिस सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए वह सरकार बिजली पानी पर चर्चा करवाने से डर रही है। जूली बोले सदन में सप्लीमेंट्री सवाल पूछने से भी हमें रोका जा रहा है।

सरकार के मंत्रियों को बचाने का भरसक प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली पर चर्चा करवाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन बिजली पर चर्चा नहीं की गई विधानसभा में हर पंचायत में कनेक्शन काटे जा रहे हैं । जूली बोले मंत्री सत्ता के नशे में चूर है। उन्होंने कहा कि सप्लीमेंट्री पूछना मेरा और विपक्ष का अधिकार है, यहां कोई क्लास नहीं चल रही की किताब पढ़ कर पूछा जाए। जूली बोले कोचिंग के लिए जो विधेयक सरकार लेकर आई है न तो यह विधेयक भारत सरकार की गाइडलाइन को पूरा कर रहा है छोटे कोचिंग वाले पर शिकंजा कसने की तैयारी है लेकिन बड़े मगरमच्छ जो मुख्यमंत्री कहते हैं उनको फायदा पहुंचाने वाला यह बिल है आधा अधूरा बिल है। उन्होंने कहा कि जनता व छात्रों के हित में यह बिल नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को इसे वापस देखना चाहिए और जब सुसाइड हो रहे हैं अभिभावकों को लूटा जा रहा है तब सरकार फॉर्मेलिटी करना चाहती है, हम इसका विरोध करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को स्पीकर ने सवाल करने से रोका, विपक्ष का विधानसभा में भारी हंगामा ¬ राजस्थान विधानसभा में नेता को स्पीकर ने सवाल करने से रोका तो राजस्थान विधानसभा में भारी हंगामा खड़ा हो गया। विपक्षी विधायकों का कहना था कि नेता प्रतिपक्ष को सवाल पूछने से रोका जाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। उन्होंने इसे सत्ता पक्ष की दमनकारी नीति करार दिया।

विधानसभा अध्यक्ष ने जूली को टोका और कहा कि हर प्रश्न में आप खड़े नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि सुबह से आप छह प्रश्न कर चुके हैं, जो आपके विधानसभा क्षेत्र से जुड़े भी नहीं थे इस पर जूली ने आपत्ति जताई।

## दूध का दूध, पानी का पानी' दूध की जांच निःशुल्क शिविर आज से

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अलवर के तत्वावधान में दूध का दूध, पानी का पानी' निञ्शुल्क दूध की जांच शिविर 25 मार्च से अलवर शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रात 7.30 बजे से दोपहर 10.30 तक लगाया जाएगा।

अलवर डेयरी के प्रबन्ध संचालक ने बताया कि दूध की जांच निञ्शुल्क शिविर 25 मार्च को स्कीम न0-10-बी, पार्क के पास, दिवान जी का बाग, अलवर में, 26 मार्च को स्कीम न0-10-ए, जय प्रकाश स्कूल के पास, अलवर, 27 मार्च को मेहताब सिंह का नौहरा, कन्या विद्यालय के पास, 28 मार्च को जैन मन्दिर के पास, सपडा हॉस्पिटल के सामने, सरस बूथ न0-32, अलवर, 29 मार्च को विजय नगर, प्रगति हॉस्पिटल के पास, 30 मार्च को शिवाजी पार्क, टै पों स्टैण्ड, सरस बूथ न0-10, अलवर, 31 मार्च को धोबी घटटा, दाई की गुमटी, अलवर, 1 अप्रेल को महल चौक, हजूरी गेट, पानी की टंकी के पास, 2 अप्रेल को अशोका टाकिज के पास, गुरूद्वारे के पास, 3 अप्रेल को मुंशी बाजार, जैन मन्दिर के पास, अलवर में लगाया जाएगा।

अलवर शहर के निम्न स्थानों पर सरस डेयरी के कर्मचारी, लैब टस्टिंग उपकरणों सहित नियत स्थानों पर उपभोक्ताओं को जागरूक किये जाने के उद्देश्य से खुले कच्चे दूध, दुग्ध उत्पाद व घी की जांच निञ्शुल्क की जावेगी। शिविर में जांच कराने वाले उपभोक्ताओं को दूध की सही गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त होगा।

## भार्गव महिला सभा के चुनाव सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। भार्गव महिला सभा के द्विवार्षिक चुनाव रविवार को भार्गव आश्रम विकास पथ अलवर पर सम्पन्न हुए सभी पदों के लिए चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए मंजू भार्गव, उपाध्यक्ष पद के लिए -वीणा भार्गव, लता भार्गव, सचिव- अंजुरिमा भार्गव, सहसचिव - संध्या भार्गव, सुमन भार्गव, कोषाध्यक्ष- एकता भार्गव, सह-कोषाध्यक्ष सरिता भार्गव, सांस्कृतिक मंत्री मीनाक्षी भार्गव, सह-सांस्कृतिक मंत्री सुमन भार्गव, साहित्यिक मंत्री अंजु बाला भार्गव, भ्रमण मंत्री नूतन भार्गव, प्रचार प्रसार मंत्री पूनम भार्गव निर्विरोध निर्वाचित हुए व कार्यकारिणी सदस्य में कल्पना भार्गव, विभा भार्गव, मंजू भार्गव स्कीम 2, बीना भार्गव दयाल निकेतन, रेखा भार्गव, बीना भार्गव तिवाड़ी का कुआं, रितु भार्गव महताब सिंह का नोहरा निर्विरोध चुने गए। चुनाव के बाद सभी महिला पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

## नगर निगम ने नगरीय विकास कर जमा कराने की अपील की

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। नगर निगम अलवर क्षेत्राधिकार में नगरीय विकास कर के दायरे में आने वाले सभी सम्पत्ति धारको को सूचित किया जाता है कि जिन्होने अब तक नगरीय विकास कर जमा नही करवाया है उनसे अविलम्ब नगरीय विकास कर जमा कराने की अपील करती है। नगरीय विकास कर जमा नही करवाने पर निगम द्वारा नियमानुसार राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 131 के तहत नियमानुसार कार्यवाई की जावेगी आपको सूचित किया जाता है कि वर्तमान में नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 107 (4) के अनतर्गत वर्ष 2023-2024 तक का बकाया नगरीय विकास कर की राशि एक मुश्त जमा कराने पर ब्याज एवं शास्ति पर शत-प्रतिशत छूट होगी। जिन प्रकरणों में वर्ष 2011-12 से पूर्व नगरीय विकास कर बकाया है, उन प्रकरणों में बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर उस अवधि के नगरीय विकास कर में शास्ति की छूट के साथ मूल बकाया में 50 प्रतिशत छूट का प्रावधान है। 31.03.2025 तक अपना बकाया नगरीय विकास कर जमा करवायें और छूट का लाभ उठाये। आमजन को सूचित किया जाता है कि कार्यालय (नगरीय विकास कर शाखा) 29,30,31 मार्च 2025 को भी खुला रहेगा।

### जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# 25 मार्च को जिला सचिवालय सभागार खैरथल-तिजारा में किया जाएगा महिला सम्मेलन का आयोजन

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा (नि.सं.)। जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने राजस्थान दिवस सप्ताह दिनांक 25 मार्च से दिनांक 31 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा कर समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत 25 मार्च को महिला सम्मेलन का आयोजन जिला कलेक्टर सभागार में 3¬30 बजे से 5-00 बजे तक किया जाएगा, 26 मार्च सुशासन सप्ताह, 27 मार्च गरीब एवं अंत्योदय कार्यक्रम, 28 मार्च किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम, 29 मार्च युवा एवं रोजगार उत्सव, 30 मार्च सांस्कृतिक कार्यक्रम और 31 मार्च को निवेश उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 मार्च से 29 मार्च एंव 31 मार्च को कार्यक्रम का आयोजन जिला सचिवालय के सभागार में किया जाएगा तथा 30 मार्च को आयोजित होने वाला कार्यक्रम लक्ष्मी नारायण मंदिर, पुरानी अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा।




बैठक में महिला एवं बाल विकास, नगरीय विकास एवं आवासन, ग्रामीण विकास, कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पर्यटन और उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे गाइडलाइंस की शत प्रतिशत क्रियान्विति सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रमों को जिला स्तर पर भव्य रूप से आयोजित करें।

जिला कलक्टर किशोर कुमार ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों की संपर्क पोर्टल पर परफॉर्मेंस तथा गुणवत्ता का स्तर कम है उन सभी को नोटिस देकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग को पीएम सूर्य घर योजना के तहत लगे कनेक्शन की जानकारी लेते हुए प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला रसद अधिकारी से जिले में मार्च महीने के राशन वितरण की जानकारी लेकर वितरण में गड़बड़ी करने वाले डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक भूमि चिन्हिकरण व नियमानुसार आवंटन प्रक्रिया हेतु शीघ्र आवेदन भिजवाने को कहा। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें, पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करते हुए अन्य तैयारियां पुख्ता रखें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी के अधिकारियों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति बनाये रखने, जेजेएम के तहत लक्ष्यानुरूप नल कनेक्शन पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य के दौरान सड़क क्षतिग्रस्त करने वाले ठेकेदारों से उन्हें वापस दुरुस्त करने के निर्देश दिए एवं कार्य पूर्ण होने के पश्चात ठेकेदारों द्वारा सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया है तो उनके खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली एवं पानी की व्यवस्था को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा शर्मा, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग आदेश कुमार, कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग, समाज कल्याण अधिकारी गजराज यादव, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, इरिगेशन, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाल विवाह की सूचना मिलने पर अविलंब आवश्यक कार्यवाही होगी'

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, (राजस्थान उच्च न्यायालय) जयपुर के निर्देशानुसार अक्षय तृतीया एवं पीपल पूर्णिमा एवं अन्य अवसरों पर भारी संख्या में बाल-विवाह होने की प्रबल संभावना रहती है। जिस हेतु वर्ष 2025-26 के एक्शन प्लान के अनुसार अप्रेल-मई, 2025 तथा नवंबर-दिसंबर, 2025 में विशेष अभियान एवं वर्ष भर नियमित गतिविधियों के रूप में बाल विवाह निषेध सघन अभियान का संचालन किए जाने एवं कंट्रोल रूम स्थापित कर 24 घन्टे क्रियाशील करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश अलवर हरेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहनलाल सोनी द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान के सफल संचालन एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने हेतु जिला कलक्टर, अलवर को अलवर मुख्यालय एवं ब्लॉकों में कंट्रोल रूम स्थापित करने हेतु तथा उक्त कंट्रोल रूम जो 24 घण्टे क्रियाशील रहेंगे और बाल विवाह की सूचना मिलने की तत्परता से कार्यवाही करने बाबत् पूर्व में पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

उक्त संबंध में सोमवार को नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड एवं खैरथल-तिजारा को भी अभियान के सफल संचालन एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने हेतु कोटपूतली-बहरोड एवं खैरथल-तिजारा जिला मुख्यलयों एवं ब्लॉकों में कंट्रोल रूम स्थापित करने हेतु तथा उक्त कंट्रोल रूम जो 24 घण्टे क्रियाशील रहने और बाल विवाह की सूचना मिलने की तत्परता से कार्यवाही करने बाबत् पत्र प्रेषित किया गया। साथ ही समस्त बाल विवाह निषेध अधिकारी (उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार) बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर उस पर अविलंब आवश्यक कार्यवाही करेंगे। साथ ही अलवर/कोटपूतली-बहरोड /खैरथल-तिजारा मुख्यालय एवं ब्लॉकों में स्थापित समस्त कन्ट्रोल रूम के कांटेक्ट न एवं नालसा की लीगल एड हेल्पलाइन नं0 15100 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नं. (8306002102) का भी व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए बाल विवाह निषेध अभियान का सफल संचालन किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

इसके साथ ही अलवर न्यायक्षेत्र की समस्त तालुका विधिक सेवा समितियों को पत्र प्रेषित कर उक्त अभियान के क्रम में ग्राम एवं तहसील स्तर पर पदस्थापित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों/अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों, स्काउट एवं गाईड एवं स्वयं सेवी संगठनों, महिला समूह, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता, महिला सुरक्षा सखी एवं पैरा लीगल वॉलेंटियर्स से समन्वय स्थापित करते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए आमजन में जागृति उत्पन्न करने हेतु विधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने एवं समस्त विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समस्त बाल विवाह निषेध अधिकारी (उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार) से बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 और बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2007 के तहत विधिक कार्यवाही स पादित करने के निर्देश जारी किए जा चुके है।



## विश्व क्षय रोग दिवस के आयोजन पर टीबी रोग के प्रति निकाली जागरूकता रैली

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। प्रतिवर्ष की भांति जिला स्तरीय विश्व क्षय रोग दिवस का आयोजन जिला एवं ब्लॉक स्तर पर किया गया। जहा अलवर शहर में सोमवार को सुबह जीएनएम छात्र छात्राओं द्वारा टीबी रोग के प्रति आमजन में जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से रैली निकाली गयी। जिसका मुख्य उद्देश समुदाय में टीबी रोग के प्रति जागरूकता पैदा करना एवं टीबी रोग के कलंक को समाज से हटाना रहा।

अलवर के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कपिल भारद्वाज ने बताया कि रैली को जिला क्षय निवारण केंद्र अलवर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा हरी झण्डी दिखाक रवाना किया गया। रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई जिला क्षय निवारण केंद्र वापस पहुंची, जहाँ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा नर्सिंग छात्र छात्राओं को टीबी रोग एवं इससे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इसके अलावा डॉ. शर्मा ने बताया कि इस क्षय रोग दिवस पर जिले की कुल 231 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इसके अलावा उक्त कार्यक्रम में डीपीसी डॉ. शैलेन्द्र शर्मा एवं लव शर्मा, डीआरटीबी समन्वयक शैलेन्द्र मिश्रा, राजाराम शर्मा एवं गिरीश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## 25 से 31 मार्च तक होंगे विभिन्न कार्यक्रमों के भव्य आयोजन



जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में 25 से 31 मार्च तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। एडीएम शहर ने कार्यक्रमों से संबंधित नोडल विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्थान दिवस के तहत आयोजित होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रमों के भव्य एवं सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के साथ आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए समयबद्ध रूप में सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त कार्यक्रमों की तैयारियां विभागीय आदेशों के अनुरूप सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश कुमार डागुर ने बताया कि 25 मार्च अपराह्न 3 बजे से सांय 5 बजे तक महिला सम्मेलन, 26 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम, 27 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक गरीब एवं अन्त्योदय कार्यक्रम, 28 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुशासन समारोह, 29 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा एवं रोजगार उत्सव, 30 मार्च को सांय 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 31 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक निवेश उत्सव आयोजित होगा।

## साइबर फ्रॉड से बचाव के संबंध में सेमिनार में दी गई जानकारी

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। केंद्रीय कारागृह अलवर के अधीक्षक शिवेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि कारागृह में सोमवार को सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें एचडीएफसी बैंक के पदाधिकारियों द्वारा कारागृह के उपायों के संबंध में जानकारी दी गई। वर्दीधारी कार्मिकों के लिए लागू एचडीएफसी shaurya life insurence योजना की जानकारी दी गई।

इस दौरान कार्मिकों के भविष्य के लिए उपयुक्त बचत के अन्य उपाय एवं योजनाओं एवं कार्मिकों की पॉलिसी में आने



कार्मिकों को साइबर क्राइम के तरीकों यथा ओटीपी स्कैम, हाउस अरेस्ट स्कैम, एस्पेक्स डॉट कॉम, फ्रॉड लिंक व फाइल डाउनलोड, शेयर मार्केट इनवेस्टिंग फ्रॉड आदि की पहचान कर उनके बचाव के वाली कठिनाइयों के बारे में बताया गया।

इस दौरान एचडीएफसी बैंक के मैनेजर सतीश जैन, प्रदीप डांगी, विकास कुमार सहित कारागृह के कार्मिक मौजूद रहे।

## भारतीय समाज सेवा संस्था का जयपुर जिला अध्यक्ष पद पर दिनेश प्रजापत को मनोनीत किया

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (का.सं.) भारतीय समाज सेवा संस्था का विस्तार अब पूरे देश में हो रहा है, इसी क्रम में राजस्थान में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल यादव के निर्देश अनुसार राजस्थान प्रदेश के उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी द्वारा



प्रदेश भर में सदस्यता अभियान चला कर लोगों को जोड़ा जा रहा है और आमजन की समस्याओ की आवाज बुलंद की जा रही है इसी कड़ी में फिरोज खान वारसी ने सांगानेर तहसील के श्रीरामपुरा निवासी दिनेश प्रजापत को जयपुर जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया, प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था हमेशा जनहित के कार्य करती आई है आगे भी करती रहेगी हमारा मुख्य उद्देश्य लोगों की आवाज बनाना है साथ ही जयपुर जिला अध्यक्ष दिनेश प्रजापत ने बताया कि संस्था के बारे में अकसर अखबार के माध्यम से जानकारी मिलती रहती है और संस्था के अच्छे कार्यों को देखते हुए ही संस्था से जुड़कर लोगों की मदद करने का संकल्प लिया है इसी के साथ प्रजापत ने संस्था में जगह देने पर संस्था के पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया है।

## अध्यक्ष मालाणी के प्रयासों से भामाशाहों ने गोशाला को दी सहायता राशि

**जयपुर टाइम्स**

दूदू(निसं)। नरैना रोड़ स्थित श्री सुधा सागर दयोदय गौशाला में गौशाला अध्यक्ष धनेश कुमार मालानी के अथक प्रयासों से जयपुर के 16 भामाशाहों ने पधारकर गौशाला की व्यवस्था देख गो पूजन करके गोशाला में गोवंश के लिए निर्माणाधीन टीन शेड के लिए 251000 रूपये की राशि



भेंट कर प्रत्येक माह गायों के खाने के लिए फल व सब्जी की गाड़ी देने की घोषणा की। इस अवसर पर गौशाला के संरक्षक श्रवण चौधरी, अध्यक्ष धनेश मालानी, कोषाध्यक्ष जय किशन पूनिया, महामंत्री भेरुलाल शर्मा, सुनील माहेश्वरी, महावीर जैन, विनोद मेहता, महावीर मेहता, अमित जोशी, मनोज शर्मा, पुखराज शर्मा, अवधेश शर्मा, सीपी मंत्री, गोपाल माली, प्रभु सिंह सहित गोशाला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व टीबी दिवस 2025: गायत्री राठौड़ ने ग्रहण किया राजस्थान का राष्ट्रीय पुरस्कार

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। विश्व टीबी दिवस–2025 के अवसर पर राजस्थान को टीबी उन्मूलन प्रयासों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने यह पुरस्कार प्रदान किया।



राजस्थान को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में देश में तीसरा स्थान मिला। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ और मिशन निदेशक एनएचएम भारती दीक्षित ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने राजस्थान में टीबी उन्मूलन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने टीबी मुक्त भारत अभियान और टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने चिकित्सा विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि सरकार 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान में राजस्थान को अग्रणी बनाने का संकल्प जताया।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2024 में 3,355 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया, जबकि 2023 में यह संख्या 586 थी। उन्होंने कहा कि अब तक 19 हजार से अधिक निक्षय मित्र (समुदाय समर्थक) जोड़े जा चुके हैं, जिससे अभियान को मजबूती मिली है।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने 7 दिसंबर 2024 से 17 मार्च 2025 तक 100-दिवसीय गहन टीबी उन्मूलन अभियान चलाया, जिसमें राजस्थान के 5 जिले (बारां, हनुमानगढ़, झालावाड़, कोटा और राजसमंद) शामिल थे। इन जिलों में 734 निक्षय कैंप आयोजित कर 8.84 लाख व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई।

इस अवसर पर राज्य टीबी अधिकारी डॉ. पुरूषोत्तम सोनी और नोडल अधिकारी डॉ. एसएन धौलपुरिया भी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने शहीद स्मारक के लिए रू5 लाख की अनुशंसा, खातौलाई को राजस्व ग्राम बनाने का प्रस्ताव

**जयपुर टाइम्स**

किशनगढ़ (नि.सं.), 25 मार्च 2025 ङ्क केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं



अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने बीएसएफ के शहीद हेड कांस्टेबल छोटूराम जाट की स्मृति में तिलोनिया गांव में शहीद स्मारक निर्माण के लिए सांसद निधि से ?5 लाख की अनुशंसा की है।छोटूराम 18 फरवरी 2024 को पश्चिम बंगाल के महेशपुर में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गए थे। मंत्री चौधरी ने कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा।साथ ही, उन्होंने किशनगढ़ क्षेत्र के खातौलाई गांव को राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है। ग्रामीणों की लंबे समय से यह मांग थी कि राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने से विकास कार्यों में तेजी आएगी। मंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं और जल्द ही सरकार की मंजूरी मिलने की संभावना है।

# राज्यपाल ने बूंदी में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली, दिए आवश्यक निर्देश



**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (का.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को बूंदी जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं और जनहित कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी पात्र परिवारों को आवास दिलाने पर जोर दिया। सिंचित क्षेत्र की समीक्षा करते हुए उन्होंने हर खेत तक पानी पहुंचाने और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पर बल दिया।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और पीएम सूर्य घर योजना व पीएम कुसुम योजना का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। चिकित्सा विभाग को डांग क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को किसानों को मृदा परीक्षण कर खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा।

शिक्षा क्षेत्र में पीएम श्री विद्यालयों में अधिक नामांकन सुनिश्चित करने की बात कही। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए राजीविका योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की उचित मार्केटिंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना और उज्ज्वला योजना की प्रगति की समीक्षा की।

राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या और उनमें बच्चों के पोषण व शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। सहकारिता विभाग को जिले में डेयरी उत्पादों के विकास की संभावनाओं पर काम करने के निर्देश दिए।

## चिकित्सा विभाग में मिशन मोड में भर्तियां, फार्मासिस्ट और नर्सिंग ऑफिसर के परिणाम जारी

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में चिकित्सा विभाग में भर्तियों की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। सोमवार को फार्मासिस्ट के 2347 पदों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गई। कुल 3067 पदों में से 252 बैकलॉग के हैं, जबकि 468 पदों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए



हैं।चिकित्सा मंत्री ने बताया कि विभाग में 50,000 पदों पर भर्ती जल्द पूरी करने के प्रयास हो रहे हैं। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि 8 कैडर में 20,546 पदों पर भर्ती पूरी की गई है, जिनमें दंत तकनीशियन, लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक, नर्सिंग ऑफिसर समेत अन्य पद शामिल हैं।

निदेशक अराजपत्रित राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि 720 नर्सिंग ऑफिसर और 8 एएनएम के परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। वहीं, चिकित्सा विभाग ने 214 एएनएम के पदस्थापन आदेश भी जारी किए हैं।

## महिलाओं ने दशा माता की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि कि कामना की

### नल-दमयंती की सुनी कथा

**जयपुर टाइम्स**

फुलेरा(नि.सं.) महिलाओं ने सनातन रीति रिवाजों के अनुरूप होली के दस दिन बाद मनाएं जाने वाले त्यौहारों के क्रम में दशामाता कच्चे सूत के दस गाठें लगाकर गलें में धारण की महिलाओं ने नल दमयंती की कहानी के माध्यम से बताया कि किस प्रकार अपनी दासी के कहनें पर दमयंती ने दशा माता का व्रत रखकर दस गांठों के धागे



की कथा सुनकर दशा माता व्रत विधि विधान से पूर्ण किया। शहर में सोमवार को दशा माता का व्रत रखकर महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। प्रातः स्नान आदि से निवृत होने के बाद कच्चा सूत हल्दी में रंगकर पीपल के वृक्ष के पास पहुंची तथा पीपल के दस बिंदिया लगाकर कच्चा सूत लपेट कर पूजा की । वहीं हल्दी से रंगें वाला सूत बांधा जिसे अज्ञानतावश राजा नल ने तोड़ दिया जिसके बाद उन्हें बहुत ही भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा बाद में पुनः श्रद्धा पूर्वक व्रत करनें के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ। कस्बे मे बडी संख्या में महिलाओं ने दशा माता की पूजा कर दस गांठों के हल्दी से रंगे कच्चे सूत के डोरे को धारण कर सुख समृद्धि कि कामना की ।

## जालौर में कृषकों के लम्बित बीमा क्लेमों का भुगतान शीघ्र किया जाएगा - उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (का.सं.)। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री केके विश्नोई ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि जालौर जिले में कृषकों के लम्बित बीमा क्लेमों का भुगतान प्रक्रियाधीन है। लम्बित प्रकरणों का निराकरण कर शीघ्र ही भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से बीमा क्लेम के लिए अपात्र माने गए कृषकों के संबंध में बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों एवं विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विचार किया जाएगा। विश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का कृषि मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जालौर जिले में खरीफ में कुल 35 हजार 914 किसानों को 33.64 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम वितरित किये गये। इसी प्रकार रबी में 37 हजार 507 कृषकों को 105.75 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम दिये गए। उन्होंने कहा कि जालौर जिले में रिलायंस जनरल इंश्योरेन्स के माध्यम से कुल 45 करोड़ 70 लाख 33 हजार 982 रुपये के क्लेम के विरुद्ध 43 करोड़ 67 लाख 21 हजार 938 रुपये के क्लेम वितरित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि शेष 2 करोड़ 3 लाख 12 हजार 44 रुपये के शेष रहे क्लेम के भुगतान की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र सांचौर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ 2023 में 3217 किसानों को 3.49 करोड़ के उपज आधारित बीमा क्लेम वितरित किये गए। इसी प्रकार रबी 2023-24 में 19 हजार 519 किसानों को 71.71 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम वितरित किये गए।

इससे पहले विधायक श्री जीवाराम चौधरी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खड़ी फसल (बुवाई से कटाई तक) में सूखा, लंबी सूखा अवधि, बाढ़, जलप्लावन, कीट एवं व्याधि, भूस्खलन, बिजली गिरने से प्राकृतिक आग, तूफान, ओलावृष्टि व चक्रवात के कारण उपज में नुकसान के लिये व्यापक जोखिम बीमा क्षेत्रीय दृष्टिकोण के आधार पर देय होता है। औसत उपज के अनुमान हेतु मुख्य फसलों हेतु पटवार स्तर पर 4 फसल कटाई प्रयोग तथा गौण फसलों के लिये तहसील स्तर पर 16 फसल कटाई प्रयोग प्रति अधिसूचित फसल हेतु आयोजित कराए जाते हैं। फसल कटाई प्रयोगों से प्राप्त औसत उपज की तुलना पूर्व मे तय की गई गारंटी उपज से की जाकर बीमा क्लेम की गणना की जाती है।श्री विश्नोई ने कहा कि फसल कटाई के उपरान्त होने वाले नुकसान- फसल कटाई उपरांत आगामी 14 दिवस की अवधि तक खेत में सूखने के लिये काटकर फैलाकर छोडी गयी अधिसूचित फसल को चक्रवात, चक्रवाती वर्षा, असामयिक- बेमौसमी वर्षा तथा ओलावृष्टि से क्षति होने की स्थिति में फसल की क्षति का आकलन व्यक्तिगत बीमित फसल के कृषक के स्तर पर किये जाने का प्रावधान हैं। प्रभावित बीमित फसल के कृषक को घटना घटने के 72 घण्टे में भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि रक्षक पोर्टल एवं हेल्प लाईन 14447, क्रॉप इन्श्योरेन्स एप अथवा लिखित में संबंधित वित्तीय संस्थान या कृषि विभाग को सूचना देना जरूरी है। सूचना प्राप्ति के 48 घण्टे के अंदर बीमा कम्पनी द्वारा सर्वेयर की नियुक्ति की जाकर सर्वेयर द्वारा क्षति का आकलन सम्बिन्धित कृषक व स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर बीमित फसल के किसान को व्यक्तिगत स्तर पर फसल में हुई हानि का आकलन कर बीमा क्लेम दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी 2023-24 में विधान सभा क्षेत्र सांचौर में पोस्ट हॉर्वेस्टल के कुल 8705 व्यक्तिगत इंटिमेशन प्राप्त हुये। फसल बीमा योजना प्रावधानों के अनुसार 4305 पात्र कृषकों (कुल प्राप्त इंटिमेशन का 49 प्रतिशत) को राशि 19.08 करोड रू का फसल बीमा क्लेम वितरित किया गया है।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

### जागरूकता और सही इलाज लेकर टीबी से पाई जा सकती है मुक्ति



**जयपुर टाइम्स**

फुलेरा (नि.सं.)। विश्व क्षय रोग दिवस पर उप जिला अस्पताल मे पीएमओ डॉक्टर धर्मेंद्र भामू की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने कहा कि इस खास दिन को मानने के पीछे का उद्देश्य लोगों के बीच टीबी रोग के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि टीबी बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है। सबसे कॉमन फेफड़ों की टीबी है और यह हवा के जरिए एक से दूसरे इंसान में फैलती है। मरीज के खांसने और छींकने के दौरान मुंह व नाक से निकलने वाली बारीक बूंदें इन्हें फैलाती हैं। ऐसे में मरीज के पास बैठकर बात की जाए तो भी इंफेक्शन हो सकता है। फेफड़े के अलावा ब्रेन, यूट्रस, लिवर, किडनी, गले आदि में भी टीबी हो सकती है। टीबी खतरनाक इसलिए है क्योंकि यह शरीर के जिस हिस्से में होती है, सही इलाज न हो तो उसे बेकार कर देती है। कम से कम तीन सप्ताह तक लगातार खांसी आना टीबी का प्रमुख लक्षण है। खांसी के दौरान रक्त के साथ कफ का बनना एक अन्य लक्षण है। ठंड लगना, बुखार, भूख न लगना और वजन कम होना अन्य लक्षण हैं।

टीबी के कारण पेट में दर्द, जोड़ों में दर्द व लगातार सिर में दर्द भी हो सकता है। टीबी को नजर अंदाज करने की भूल न करें। डब्ल्यूएचओ के अनुसार टीबी दुनिया में मृत्यु का सबसे घातक और संक्रामक कारणों में से एक है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है, इसका इलाज संभव है। समय रहते अगर इस रोग का इलाज करवा लिया जाए तो रोगी पूरी तरह से ठीक हो सकता है। गोष्ठी में पीएमओ डॉ.धर्मेंद्र भामू डॉ.महेश कडेल, डॉ.विकास शर्मा,डॉ अमित शर्मा,डॉक्टर रामबाबू गुर्जर,,डॉ मनोज बियानी, डॉक्टर सरोज बासनीवाल, क्षय रोग सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर आशीष पारीक, डॉट्स भवानी वर्मा,सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रणवीर सिंह, कैलाश वर्मा, पिंकी, रेखा, नवनीत,ताराचंद कुमावत नर्सिंग कर्मी मौजूद थे ।

## पटवार मण्डलों के भवन निर्माण आवश्यकता एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर -राजस्व मंत्री

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (का.सं.)। राजस्व मंत्री श्री हेमंत मीणा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि भवन विहीन पटवार मण्डलों में भवन निर्माण राज्य सरकार की नीति, प्रशासनिक आवश्यकताओं एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है। राजस्व मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक श्री रेवन्तराम डांगा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में राजस्व मंत्री ने बताया कि खींवसर विधान सभा क्षेत्र में कुल 59 पटवार मण्डल है। इनमें से 40 पटवार मण्डलों के भवन निर्मित है तथा 19 पटवार मण्डल भवन विहीन है। उन्होंने इनकी सूची सदन के पटल पर रखी।

## सोलहवीं राज्य विधान सभा का तृतीय सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी द्वारा राजस्थान विधानसभा के तृतीय सत्र को सोमवार रात्रि 8 बजकर 26 मिनट पर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

# महिला सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण पर कार्यशाला आयोजित

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(का.सं.)। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से महिलाओं का सशक्तीकरण हो रहा है और वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को विकसित भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभानी होगी। सहकारिता मंत्री राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान (राइसेम) में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के तहत महिला सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं, जैसे उज्ज्वला योजना, हर घर शौचालय, और 33 आरक्षण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद देश में 'सहकार से समृद्धि' अभियान के तहत अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। राजस्थान में महिला सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए सरकार उनकी हिस्सा राशि वहन कर रही है।

राइसेम निदेशक रणजीत सिंह चूण्डावत ने बताया कि सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता, भूमि विकास बैंक ऋण समझौता योजना और विकेन्द्रीकृत अन्न भंडारण जैसे कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के पोस्टर का विमोचन किया और लाभार्थियों को गोपाल क्रेडिट कार्ड सौंपे।



सम्पादकीय



## अपराधियों के भीतर पुलिस और कानून का नहीं रहा कोई खौफ

बिहार में जब सुशासन के दावे के साथ नीतीश कुमार सत्ता में आए थे, शुरू में कुछ समय तक सख्ती रही और आपराधिक गिरोह दुबक कर बैठे दिखे थे। मगर फिर उन्होंने सिर उठाना शुरू किया, तो उन पर काबू पाना नीतीश सरकार के लिए चुनौती ही बना रहा। कई बार ऐसा लगता है कि अपराधियों के भीतर पुलिस और कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है। वे सरेआम किसी की हत्या कर बड़ी आसानी से निकल भागते हैं और पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पाती। खुद वहां की पुलिस पर भी अक्सर हमले होते रहते हैं। अगर सचमुच वहां कानून-व्यवस्था चुस्त होती, सुशासन के दावे हकीकत होते, तो नीतीश कुमार के इतने लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के बावजूद आए दिन हिंसक घटनाएं इस तरह नहीं हो पातीं और न पुलिस इस कदर कभी लाचार नजर आती। इसका ताजा उदाहरण राज्य की राजधानी में एक अस्पताल में घुस कर बदमाशों का गोली चला कर अस्पताल प्रबंधक को जान से मार देना है। उस दिन पूरे शहर में बिहार दिवस के जलसे आयोजित थे और बदमाश शाम के छह बजे अस्पताल के भीतर घुसे, अस्पताल की निदेशक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी और बड़े आराम से निकल गए। यह कोई पहली ऐसी घटना नहीं है, जब बदमाशों ने इस तरह किसी की हत्या कर दी। कभी कहीं जातीय हिंसा भड़क उठती है और लोग मारे जाते हैं, तो कभी कहीं किसी वैमनस्य के कारण किसी की हत्या कर दी जाती है। ताजा घटना के पीछे भी आपसी वैमनस्य बताया जा रहा है। इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि किसी मरीज के परिजनों की अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर कोई नाराजगी रही हो। पर किसी की किसी से नाराजगी का अर्थ यह नहीं होता कि वह मनमाने तरीके से किसी की जान ले ले। अस्पतालों और चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा को लेकर पिछले कुछ समय से गहरे सवाल उठते रहे हैं। कुछ समय पहले ही पश्चिम बंगाल के अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक की हत्या के बाद देश भर के डाक्टरों ने अपनी सुरक्षा को लेकर आंदोलन किया था। तब सरकार ने उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाया था। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस दिशा में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। उससे पहले भी दिल्ली आदि के चिकित्सक अस्पतालों में तैनात चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा का सवाल उठाते रहे हैं। ऐसा नहीं माना जा सकता कि बिहार सरकार इस बात से अनजान है। अगर वहां प्रशासन सचमुच अस्पतालों और चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर होता, तो ऐसी घटना शायद न घटने पाती। सुशासन केवल नारों से स्थापित नहीं हो जाता, उसके लिए अपराधियों में कानून का भय पैदा करना पड़ता है। नीतीश कुमार सरकार सुशासन के दावे तो खूब करती रही है, पर हकीकत यही है कि बिहार के अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं है। सवाल यह है कि अगर 2005 से पहले के शासनकाल पर जंगल राज होने का आरोप लगाया जाता था, तो आज अपराधियों के इस तरह बेखौफ हो जाने और कानून व्यवस्था के लाचार दिखने को किस रूप में देखा जाएगा! जहां अपराधी पुलिस पर हमले करने से न हिचकते हों, वहां सुशासन या बेहतर कानून-व्यवस्था का भला कैसे दावा किया जा सकता है। कोई भी सरकार लंबे समय तक अपने पहले की सरकारों पर किसी अव्यवस्था का दोष मढ़ कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। बिहार में हिंसा और अपराध का पुराना इतिहास रहा है, इसलिए नीतीश सरकार यह मान कर आश्वस्त नहीं हो सकती कि सरकार बदलने के साथ ही वह प्रवृत्ति भी बदल गई। उसे बदलने के लिए जमीनी स्तर पर अभी तक शायद गंभीरता से काम होना बाकी है।

## शिक्षा तंत्र की कमजोर कड़ियां



अलग-अलग राज्यों के शिक्षा बोर्डों के तहत आधे-अधूरे संसाधनों के बल पर दी जाने वाली शिक्षा और कराई जाने वाली परीक्षा कुछ वैसे ही दृश्य पेश करती है, जैसे फिलहाल बिहार विद्यालय परीक्षा बोर्ड (बीएसइबी) को लेकर सामने आए हैं। एक ओर तो इस परीक्षा में चौंसठ फीसद छात्र फेल हो गए- जिस पर परीक्षार्थियों ने काफी हंगामा खड़ा किया है। यही नहीं, आइआइटी की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले कई छात्र बोर्ड परीक्षा में नाकाम हुए हैं, जो लोगों की हैरानी का सबब है। पर साथ ही एक बड़ा विवाद बिहार बोर्ड के आर्ट्स टॉपर गणेश कुमार को लेकर पैदा हुआ है। यह बात किसी के गले नहीं उतर रही कि झारखंड के गिरिडीह का रहने वाला गणेश इंटर की पढ़ाई करने के लिए ढाई सौ किलोमीटर दूर बिहार के समस्तीपुर के उच्च माध्यमिक स्कूल में क्यों गया। यही नहीं, जिन विषयों को लेकर उसने टॉप किया है, उनमें उसकी जानकारी का स्तर भी अधकचरा बताया गया है। भले ही राज्य सरकार दावा कर रही है कि पिछले साल के गड़बड़झाले के मद्देनजर इस साल परीक्षा प्रक्रिया में काफी कठोरता बरती गई। उधर, गणेश ने मैट्रिक में उम्र का फर्जी सर्टिफिकेट लगाने का अपराध भी कबूल किया, जिसके लिए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पिछले साल भी आर्ट्स में टॉपर रही रूबी राय को नकल से परीक्षा पास करने के अपराध में जेल जाना पड़ा था। सरकार ने मामले की जांच कराई थी और बीएसइबी के तत्कालीन अध्यक्ष और सचिव को गिरफ्तार किया गया था। फर्जीवाड़े और नकल के बल पर परीक्षा में सर्वोच्च स्थान पाने वालों की गिरफ्तारी और नकल के गोरखधंधे में लिप्त लोगों की धरपकड़ से बिहार सरकार एक संदेश देने की कोशिश कर रही है। वह असल में उस कलंक को धोना चाहती है, जो पिछले कुछ वर्षों में बिहार के बारे में ऐसी खबरों के कारण लगा कि वहां कैसे खुलेआम नकल होती है। इस साल सख्ती का परिणाम यह निकला है कि चौंसठ फीसद छात्र फेल हो गए। पिछले साल भी मैट्रिक के आधे से ज्यादा परीक्षार्थी फेल हो गए थे। साल 2016 की परीक्षा में शामिल करीब साढ़े पंद्रह लाख परीक्षार्थियों में से 46.66 फीसद ही सफल हुए थे। मैट्रिक की तरह ही राज्य की इंटर (आर्ट्स) परीक्षा में भी करीब तैंतालीस फीसद परीक्षार्थी फेल घोषित किए गए थे। लेकिन इतनी सख्ती के बाद भी घपले नहीं रुक पा रहे हैं, यह बात पहले रूबी राय और अब गणेश कुमार के प्रकरण से साफ है। जिस तरह पॉलिटिकल साइंस को प्रिडॉकिल साइंस कहने और उसे पाक-कला से संबंधित विषय बताने वाली छात्रा रूबी राय दोबारा परीक्षा के कई मौके देने के बाद आखिरकार नाकाम साबित हुई थी, उसी तरह गणेश कुमार का संगीत के बारे में ज्ञान बॉलीवुड स्तर का है जिसमें वह टॉप पर है। वक्त आ गया है कि राज्य शिक्षा बोर्डों के बल पर शिक्षा-परीक्षा का तंत्र संचालित कर रहे उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश आदि उत्तरी राज्य इस पर विचार करें कि आखिर क्यों उनकी परीक्षाओं में बिना नकल के छात्रों की कामयाबी पचास प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच पाती है। नकल का कलंक धोने के सिलसिले में छात्रों को गिरफ्तार करके या कपड़े उतार कर परीक्षा देने को मजबूर करके (जैसा कि इस साल बिहार के मुजफ्फरपुर में किया गया जहां सेना में भर्ती के उम्मीदवारों को मात्र जांघिया पहन कर परीक्षा देनी पड़ी) कोई समाधान नहीं निकल सकता- यह समझना होगा। नकल के दोषियों को सींखचों के

**फर्जीवाड़े और नकल के बल पर परीक्षा में सर्वोच्च स्थान पाने वालों की गिरफ्तारी और नकल के गोरखधंधे में लिप्त लोगों की धरपकड़ से बिहार सरकार एक संदेश देने की कोशिश कर रही है। वह असल में उस कलंक को धोना चाहती है, जो पिछले कुछ वर्षों में बिहार के बारे में ऐसी खबरों के कारण लगा कि वहां कैसे खुलेआम नकल होती है। इस साल सख्ती का परिणाम यह निकला है कि चौंसठ फीसद छात्र फेल हो गए। पिछले साल भी मैट्रिक के आधे से ज्यादा परीक्षार्थी फेल हो गए थे। साल 2016 की परीक्षा में शामिल करीब साढ़े पंद्रह लाख परीक्षार्थियों में से 46.66 फीसद ही सफल हुए थे। मैट्रिक की तरह ही राज्य की इंटर (आर्ट्स) परीक्षा में भी करीब तैंतालीस फीसद परीक्षार्थी फेल घोषित किए गए थे। लेकिन इतनी सख्ती के बाद भी घपले नहीं रुक पा रहे हैं, यह बात पहले रूबी राय और अब गणेश कुमार के प्रकरण से साफ है।**

पीछे भेजते वक्त यह भी देखा जाना चाहिए कि आखिर आज हमारी शिक्षा में बच्चों को किस चीज के लिए प्रेरित किया जा रहा है। असल में वहां सिर्फ एक प्रेरणा है कि कैसे बच्चे हर परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास हों ताकि जब किसी नामी कॉलेज और नौकरी की ओर कदम बढ़ाएं तो उन्हें वहां हताश न होना पड़े। परीक्षा में ये नंबर रटंत विद्या से आते हैं, ट्यूशन-कोचिंग से, पर्चा लीक से या नकल से, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इसके अलावा जिस तरह हर साल ऊंचे-नामी इंजीनियरिंग, प्रबंधन संस्थानों से निकले कुछ छात्रों के लाखों-करोड़ों के शुरुआती पैकेज की चर्चा टीवी-अखबारों में होती है, तो अभिभावक सोचने लगते हैं कि क्या उनका बच्चा भी ऐसा करिश्मा कर पाएगा। ऐसी सोच के साथ वे अभिभावक और छात्र, दोनों नंबरों की होड़ में शामिल हो जाते हैं। पर उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश जैसे राज्यों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले वे बच्चे इन सुहाने सपनों को साकार करने के लिए क्या करें, जिन्हें पढ़ाई के लिए कायदे के संसाधन तक नहीं मिल पाते हैं। उन्हें तो अपने स्कूलों में ठीकठाक लैब नहीं मिलती, मास्टरजी के दर्शन भी कभी-कभार ही होते हैं। कई बार बच्चों को मीलों पैदल चल कर स्कूल जाना होता है। गांव-कस्बों की लड़कियों के लिए तो और मुसीबत भी रहती है क्योंकि रास्ते में शोहदे उन्हें परेशान करते हैं। ऐसी स्थिति में उनके सामने दो ही विकल्प होते हैं, या तो पढ़ाई छोड़ दें या फिर जैसे-तैसे परीक्षा पास कर लें। गांव-कस्बों के स्कूलों में न तो पढ़ाई-लिखाई के माकूल प्रबंध हैं और न ही वहां शिक्षक पूरे साल पढ़ाने के प्रति गंभीर रहते हैं। वहां कई सरकारी स्कूल तो सिर्फ कागजों पर चलते हैं। ऐसे में नियमित स्कूल आने वाले छात्रों को मामूली जानकारियां भी नहीं मिल पाती हैं। पिछले साल स्वयंसेवी संगठन 'प्रथम' ने बारहवीं तक के छात्रों पर कई वर्षों में किए गए अध्ययन से एक रिपोर्ट तैयार की थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ठीक से दूसरी कक्षा की किताबें भी नहीं पढ़ पाते। इन हालात में छात्रों के लिए परीक्षा पास करने के लिए नकल ही एकमात्र जरिया बचता है। चूंकि शिक्षक पढ़ाते नहीं हैं, इसलिए परीक्षा के वक्त छात्रों को नकल से रोकने की हिम्मत नहीं कर पाते हैं। नकल रोकने वाला तंत्र भी ज्यादातर ऐसे अवसरों पर लापरवाह हो जाता है। कई बार पाया गया है कि परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने को तैनात पुलिस वाले रिश्वत लेकर इस मामले में आंख मूंद लेते हैं। सवाल है कि जब व्यवस्था ही नकल रोकने के बजाय उसे सुचारु रूप से संपन्न कराने में सहयोगी हो जाए तो परीक्षा केंद्रों की वीडियोग्राफी से लेकर छापामार उड़नदस्तों का भला क्या औचित्य रह जाता है? यही नहीं, जब बात नौकरी की आती है तो उत्तर प्रदेश-बिहार के सरकारी स्कूलों से पढ़ कर आए छात्रों का सीधा मुकाबला शहरी कॉनवेन्ट और सीबीएसइ से निकल कर आए छात्रों से होता है जो अंग्रेजी भाषा की जानकारी से लेकर तमाम विषयों में अपडेट रहते हैं। ऐसी दशा में दसवीं-बारहवीं की परीक्षा के अंक ही उत्तर प्रदेश-बिहार के छात्रों की कुछ लाज ढकते प्रतीत होते हैं। यही वजह है कि इन राज्यों के शिक्षा बोर्डों की परीक्षाओं में नकल और परचा लीक जैसे हथकंडे बरस-दर-बरस आजमाए जाते रहे हैं। रोजगार के लिए अच्छे अंकों वाले सर्टिफिकेट और डिग्रियों को जितना जरूरी किया जाएगा, नकल और पर्चा लीक की समस्या उतना ही बढ़ती जाएगी। हमारा समाज और नौकरियों का पूरा तंत्र यह सोच पाने में नाकाम रहा है कि योग्यता के आकलन का और क्या तरीका हो सकता है, ताकि उच्च शिक्षा व नौकरियों में योग्य लोग ही चुने जाएं। जब परीक्षा में मिले अंक ही पूरे जीवन में काम आते रहेंगे, तो उसमें धांधलियों की आशंका तो बनी ही रहेगी। ऐसे में चंद गिरफ्तारियां और सजाएं नकल का कलंक पूरी तरह धोने में कारगर नहीं हो सकतीं।

ये लेखक के निजी विचार हैं

## जेनेरिक दवाइयां ही अपनी पर्ची पर लिखें



हाल में केंद्र सरकार ने सख्त लहजे में कहा है कि सरकारी डाक्टर मरीजों को शासकीय पर्ची पर बाहरी दवाओं में केवल जेनेरिक दवाइयां ही लिखा करेंगे, अन्य महंगी और अलग से दवाइयां नहीं। इस सरकारी आदेश का स्वागतयोग्य है। अक्सर देखा गया है कि शासकीय डाक्टर से मरीजों को अलग से महंगी दवाइयां अधिक लिख देते हैं, जिससे गरीब तबकों को इन दवाइयों को खरीदने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकार का यह भी कहना है कि अगर डाक्टर जेनेरिक दवाइयां अपनी पर्ची पर नहीं लिखेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा, अगर डाक्टर सरकारी अस्पताल में आगे से दवा कंपनियों के प्रतिनिधि यानी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के आने और उनके मिलने-जुलने पर भी उत्सुकता दिखाता है तो यह अनुचित है। उसे अस्पताल में ऐसे लोगों से कतई नहीं मिलना चाहिए। अक्सर देखा गया है कि सरकारी डाक्टर अपने कमीशन के चक्कर में निजी दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों से अस्पताल में बुलाकर भी मिलते रहते हैं। यह शासन के नियम के लिए विरुद्ध माना जाता है। इसलिए उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। हमारे देश में अधिकांश शासकीय अस्पताल, फिर चाहे वे छोटे हो या बड़े, बदहाली के ही शिकार दिखते हैं। अधिकतर डाक्टरों ने अपने निजी अस्पतालों का जाल-सा बिछा रखा है। कई बार सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को एक अच्छे और बेहतर इलाज के नाम पर निजी अस्पतालों में बुलाया जाता है। ऐसे में महंगी दवाइयों के चक्कर में धनी और संपन्न मरीज तो सब कुछ सहन कर लेता है, लेकिन गरीब तबकों के मरीज का वहां काफी बुरा हाल हो जाता है। आमतौर पर डाक्टरों को मरीजों पर दया नहीं आती है, वह चाहे गरीब ही क्यों न हो। ज्यादातर डाक्टरों का उद्देश्य मात्र पैसा कमाना ही रहता है। अक्सर जिन मरीजों को आइसीयू के नाम पर भर्ती कर लिया जाता है, वहां इलाज बदस्तूर लगातार चलता रहता है। ऐसे में हमेशा डाक्टर महंगी दवाइयां मरीजों को लिखता है। इस लिहाज से देखें तो ताजा सरकारी आदेश का स्वागत किया जाना चाहिए कि डाक्टर महंगी और अलग से दवाइयां न लिखकर सस्ती एवं जेनेरिक दवाइयां ही मरीजों के पर्चे पर अधिक लिखें। एक पहलू यह भी है कि केंद्र सरकार को हर शहर में जेनेरिक दवाइयां भी बहुतायत से हर जगह उपलब्ध कराना चाहिए। हर अस्पताल के बाहर दो-तीन जेनेरिक दवाइयों की दुकान अवश्य होना चाहिए, ताकि मरीज और उसके परिजनों को इन दवाइयों के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। आज के समय में जेनेरिक दवाइयों की हर जगह उपलब्धता बेहद जरूरी है, ताकि मरीज अपना इलाज इन सस्ती दवाओं से करा सके। एक-एक करके 2021 में अमेरिकी लोकतंत्र की जननी कैपिटल हिल पर हमला करके उसे तहस-नहस करने वालों और साजिश रचने वालों को अमेरिकी कानून के तहत जेल की सजा सुनाई जा रही है। आशा करनी चाहिए कि जिन हजार लोगों को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है, उनमे से अधिकांश को उनके उग्र विचारों और नफरत के सहारे अमेरिकी समाज को बांटने के जुर्म में कुछ न कुछ तो सजा जरूर दी जाएगी। गुरुवार को 57 वर्षीय ओथ कीपर्स के संस्थापक स्टीवर्ट रोड्स को देशद्रोही साजिश और अन्य अपराधों के आरोप में सजा सुनाई गई। यह सजा दो कारणों से अति महत्त्वपूर्ण हो जाती है। पहला ये कि उन्हें 18 साल जेल की सजा दी गई है जो अब तक सुनाई गई इस मामले में सबसे लंबी सजा है।

## समय यात्रा की ओर एक ऊंची छलांग



समय क्या है? यह प्रश्न बहुत जटिल है, और इसका उत्तर देना असंभव-सा हो सकता है। समय का अस्तित्व नहीं भी हो सकता, अथवा समय एक भ्रम या एक अवधारणा भी हो सकता है, जिसका उपयोग हम अपने आस-पास की दुनिया को समझने के लिए करते हैं। समय है, या समय नहीं है, अथवा यह एक कोरी अवधारणा है, ऐसे प्रश्न हमारे तर्कों-कुतर्कों में फंसे रह सकते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने एक कण को समय की उलटी यात्रा पर भेजने में सफलता पा ली है। हम अनादिकाल से ब्रह्माण्ड को समझने का प्रयास करते रहे हैं। आधुनिक विज्ञान का प्रयास यह जानने का है कि उस पर हमारा कितना नियंत्रण है। प्रत्येक नया आविष्कार भौतिकी के उन नियमों की अवहेलना करता है जिन पर अब तक हमारा विश्वास था। अगर हमने अब तक समय के किसी तीर का अनुभव किया है, एक नया आविष्कार उस पर प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने अभी सिद्ध किया है कि सैद्धांतिक रूप से समय यात्रा संभव है। अभी तक हमने देखा है कि समय यात्रा विज्ञान कथा की एक अवधारणा के अतिरिक्त कुछ नहीं थी, जिसका उद्देश्य रहा है हमारी कल्पना शक्ति को सक्रिय करना और हमारा मनोरंजन करना। समय यात्रा का विचार 1800 के दशक का है जब वेल्स ने "द टाइम मशीन" प्रकाशित की। यह एक अविष्कारक की कहानी है जो एक चौथे, अस्थाई आयाम के माध्यम से यात्रा करने वाले उपकरण का निर्माण करता है। किसी अन्वेषण के रास्ते प्रश्नों से खुलते हैं। प्रश्न है कि क्या होगा यदि समय यात्रा केवल कल्पना की दुनिया तक ही सीमित न हो? यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर वैज्ञानिक किसी ऐसी घटना का पटाक्षेप करने के प्रयास के जोखिम पर देने का प्रयास करते हैं जो जो हमारी प्रजाति के लिए नहीं है। वास्तविक जीवन में समय एक भौतिक अवधारणा नहीं है। इतिहास रचने वाले कुछ वैज्ञानिकों की रचनात्मकता के कारण हमने ब्रह्माण्ड और समय के निर्माण के बारे में अपने ज्ञान के बारे में काफी प्रगति की है। उदाहरण के लिए, आइंस्टीन के समीकरणों ने हमे क्वांटम क्षेत्र और समय के बारे में एक गहरा दृष्टिकोण दिया। परन्तु तर्कशास्त्री कर्ट गोडेल ने इसे एक कदम आगे बढ़ाया और यह पता लगाया कि आइंस्टीन के समीकरणों ने अतीत में समय यात्रा प्रशस्त की थी। समस्या यह थी कि अभी भी कोई ऐसा तरीका नहीं था जो हमारे भौतिक आधारों के अनुकूल हो। इसके उत्तर के हल के लिए आतुर आर्गन नेशनल लेबोरेटरी, मास्को इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजिक्स एंड टेक्नोलॉजी तथा ईटीएच ज्यूरिख के वैज्ञानिकों को प्रेरित किया। इस तरह उन्होंने सफलतापूर्वक एक कण को समय पर वापस भेजा। सामान्यतः गुरुत्वाकर्षण और भौतिकी के नियमों के कारण, जिन्हें स्कूलों में पढ़ाया जाता है, हम समय को रैखिक मानते हैं, जहा अतीत में पहुँचने का कोई रास्ता नहीं है और भविष्य में तेजी से आगे बढ़ने की कोई तकनीक नहीं है। यद्यपि यह सदैव सहमत होने वाला कथन नहीं है। भौतिकी के ऐसे नियम हैं जो भविष्य को अतीत से अलग नहीं करते हैं और कहते हैं कि वे सभी एक ही समय में काम करते हैं। कोई अतीत, वर्तमान या भविष्य नहीं। यह ऊष्मप्रवैगिकी के दूसरे नियम के विपरीत जाता है, जिसमे कहा गया है कि एक बंद प्रणाली सदैव क्रम से अवस्था की ओर बढ़ती है। उदाहरण के रूप में हम कह सकते हैं कि एक बार गेहूं को पीस कर आटा बना लें तो फिर आटे को गेहूं में वापस नहीं लाया जा सकता। ऊष्मप्रवैगिकी के उस दूसरे नियम के कारण, हमने माना कि समय रैखिक था, और एक ही दिशा में समय निरंतर आगे बढ़ रहा था। हमने इसे समय का तीर कहा। हमने मान लिया था कि प्रतंच्या से छोड़े तीर की तरह समय एक ही दिशा में चलता है, और हम समय के रूप में प्रभाव देखते हैं। इसलिए समय को आगे बढ़ने के रूप में समझने की हमारी मानव-निर्मित प्रणाली काम करती है। लेकिन कुछ नियम तोड़े जाने के लिए होते हैं। क्या यह उनमे से एक हो सकता है? हमने ऊष्मप्रवैगिकी के दूसरे नियम में स्वयं को फंसा लिया। जिस तरह से हमने दुनिया का अनुभव किया, उससे यह समझ में आया; यद्यपि, इसने हमारे सभी प्रश्नो का उत्तर नहीं दिया। इसलिए वैज्ञानिकों की दूसरी टीम यह देखना चाहती थी कि क्या क्वांटम सीमा में दूसरा नियम तोड़ा जा सकता है। ज्ञातव्य है कि क्वांटम कंप्यूटर उस कंप्यूटर की तरह काम नहीं करते जिस पर हम सामान्यतः काम करते हैं।



## मैटरनिटी ब्रेक के बाद लाइट, कैमरा, एक्शन को तैयार दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्री में से एक दीपिका पादुकोण बीते साल सितंबर 2024 में मां बनी थीं। उन्होंने पति रणवीर सिंह के साथ बेटी का स्वागत किया था, जिसका नाम दुआ है। बेटी के जन्म के बाद फिलहाल दीपिका मैटरनिटी ब्रेक पर हैं और अब हाल ही में खबर सामने आई है कि वे जल्द ही फिल्म सेट पर वापसी करने वाली हैं। आखिरी बार उन्हें रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था, जो दिवाली 2024 पर रिलीज हुई थी। हालांकि, प्रेग्नेंसी के कारण उन्होंने फिल्म के प्रमोशन में हिस्सा नहीं लिया। तब से ही उनकी वापसी को लेकर तमाम अटकलें लगाई जा रही थीं। अब, उनके फैंस के लिए एक अच्छी खबर आई है कि दीपिका जल्द ही फिल्म सेट पर वापसी कर रही हैं। दीपिका की अगली बड़ी फिल्म कल्कि 2898 ई. हैं, जिसमें प्रभास और अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिकाओं में हैं। डायरेक्टर नाग अश्विन ने हाल ही में फिल्म और इसके शूटिंग शेड्यूल के बारे में अपडेट दिया है। पहले खबरें थीं कि कल्कि 2898 ई.का सीक्वल 2025 की गर्मियों में आएगा, लेकिन अब इसमें देरी होगी है। हाल ही में एक इवेंट के दौरान डायरेक्टर नाग अश्विन ने बताया कि सीक्वल की तैयारियां जोरों पर हैं और इसकी शूटिंग दिसंबर 2025 में शुरू होगी। इसका मतलब यह हुआ कि दीपिका का मैटरनिटी ब्रेक दिसंबर 2025 तक खत्म हो सकता है और वह शूटिंग के लिए लौट सकती हैं। दीपिका ने हाल ही में पठान 2 की घोषणा से भी सुर्खियां बटोरीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान के साथ उनकी यह फिल्म अगले साल फ्लोर पर जा सकती है।

## अभिषेक को मिला पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड, गदगद हुए अमिताभ

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने बेटे अभिषेक बच्चन की जमकर तारीफ की है। अभिषेक को हाल ही में पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड मिला है। हाल ही में महानायक के बेटे और बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन को शोशा रील अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट एक्टर (जूरी) अवॉर्ड मिला। बेटे को मिले इस सम्मान से वह गर्व से झूम उठे। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया और बेटे की सफलता की खुशी फैंस के साथ शेयर की। लेकिन इस पोस्ट में उन्होंने फिर उत्तराधिकारी की बात कर डाली। हाल ही में अभिषेक बच्चन को एक अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट एक्टर (जूरी) अवॉर्ड मिला। उन्हें ये अवॉर्ड 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'आई वांट टू टॉक' के लिए मिला। वीडियो के साथ, अमिताभ बच्चन ने एक प्यारा नोट भी लिखा और अपने बेटे को सच्चा उत्तराधिकारी कहा। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अमिताभ बच्चन ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें अभिषेक अवॉर्ड लेते और सभी का धन्यवाद करते नजर आ रहे हैं। वीडियो शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरे बेटे, बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे। जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे वो मेरे बेटे होंगेज्हरिवंश राय बच्चन। अभिषेक का भाषण भावुक कर देने वाला था, जिसमें उन्होंने शूजीत सरकार और अपने सह-कलाकारों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, यह मेरा पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड है। मैं सम्मानित जूरी का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे योग्य समझा। इसका पूरा श्रेय शूजीत दा को जाता है, जो एक अद्भुत निर्देशक हैं। मैं इस सम्मान को अपनी दो शानदार ऑन-स्क्रीन बेटियों, अहिल्या और पर्ल के साथ साझा करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे बहुत अच्छा दिखाया। यहां मौजूद सभी साथी कलाकारों और फिल्म निर्माताओं को धन्यवाद, आपका काम मुझे हर दिन खुद का सबसे अच्छा संस्करण बनने के लिए प्रेरित करता है।





# बॉलीवुड की नायिकाओं को मिल रही साउथ इंडस्ट्री में भारी फीस



बॉलीवुड की नायिकाओं को साउथ इंडस्ट्री में बड़े बजट की फिल्मों में काम करने के लिए भारी भरकम फीस दी जा रही है। 'एनिमल' में खलनायक की भूमिका निभाने के बाद बॉबी देओल दक्षिण भारत में काफी लोकप्रिय हो गए हैं!बॉबी अब लगातार साउथ की फिल्मों में नजर आ रहे हैं। उनकी अगली फिल्म 'सनी जाट' का निर्माण और निर्देशन भी दक्षिण भारतीय फिल्मकारों द्वारा किया जा रहा है। इसी तरह, साउथ फिल्म निर्माता बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस को भी आकर्षक ऑफर्स दे रहे हैं। हाल ही में खबर आई थी कि एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित महेश बाबू की फिल्म स्स्स्ब29 के लिए प्रियंका चोपड़ा को 30 करोड़ रुपये की भारी फीस दी गई है। ऐसा माना जा रहा है कि प्रियंका इस फिल्म में विलेन का किरदार निभा रही हैं, और यह एक पैन-वर्ल्ड प्रोजेक्ट है, जिसका बजट 1000 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। अब इसी तरह की खबरें कियारा आडवाणी को लेकर भी आ रही हैं। कियारा, जो पहले ही बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दे चुकी हैं, अब साउथ के सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए साइन की गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म के लिए उन्हें 15 करोड़ रुपये की फीस दी जा रही है। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अगर यह सही साबित होती है, तो कियारा भी बॉलीवुड की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में शामिल हो जाएंगी। गौरतलब है कि कियारा आडवाणी की पिछली फिल्म 'गेम चेंजर' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इसके बावजूद, उनकी स्टार पावर बरकरार है। मां बनने की खबर के बाद उन्होंने फरहान अख्तर की 'डॉन 3' छोड़ दी थी, लेकिन फिर भी बड़े बजट की फिल्मों में उनकी मांग बनी हुई है। इसके अलावा, कियारा 'वॉर 2' में भी नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर हैं। ऐसे में 2025 कियारा के लिए करियर का बड़ा साल साबित हो सकता है। वहीं, दीपिका पादुकोण ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए 20 करोड़ रुपये की फीस ली थी, और अब कियारा भी इसी लिस्ट में शामिल हो सकती हैं। साउथ इंडस्ट्री का यह ट्रेंड यह दिखाता है कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की टॉप हीरोइन्स अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनकी डिमांड पूरे देश और ग्लोबल सिनेमा में बढ़ रही है। मालूम हो कि दक्षिण भारतीय फिल्म निर्माता अब हिंदी फिल्मों के बड़े सितारों को अपनी फिल्मों में कास्ट कर रहे हैं, जिससे उनकी फिल्मों को उत्तर भारतीय बाजार में भी बड़ी सफलता मिल रही है।

# पैसेंजर्स की परवाह करने का दावा करने वाली एयरलाइन में हमदर्दी कहां है: लीजा रे



हाल ही मेंमशहूर अभिनेत्री लीजा रे ने एक एयरलाइन पर असंवेदनशील होने का आरोप लगाया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर इस मामले ने तूल पकड़ लिया। एक पोस्ट साझा करते हुए लीजा रे ने बताया कि उनके 92 वर्षीय बीमार पिता की हालत के चलते उन्हें अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी, लेकिन डॉक्टर का प्रमाणपत्र जमा करने के बावजूद एयरलाइन ने किसी भी तरह की रियायत देने से इनकार कर दिया। उन्होंने लिखा, फिर से शुरू हो गया। मेरे पिता 92 साल के हैं और बीमार हैं। मुझे उनकी बीमारी के कारण ट्रैवल कैंसिल करना पड़ा। डॉक्टर का लेटर सबमिट करने के बाद भी छूट देने से इंकार कर दिया गया? ये कैसे संभव है? पैसेंजर्स की परवाह करने का दावा करने वाली एयरलाइन में हमदर्दी कहां है???उनकी इस पोस्ट के वायरल होते ही लोगों ने एयरलाइन की नीति और रवैये की आलोचना करनी शुरू कर दी। बढ़ते विवाद को देखते हुए एयरलाइन ने भी जवाब दिया और लीजा रे से उनके ईमेल आईडी या केस आईडी की जानकारी मांगी ताकि वे इस मामले की समीक्षा कर सकें। एयरलाइन ने कहा, डियर लीजा रे, हम आपकी चिंता से हमदर्दी रखते हैं और आपके पिता के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। कृपया हमें वह ईमेल एड्रेस या केस आईडी बताएं, जिससे आपने संपर्क किया था, ताकि हम इस पर गौर कर सकें। बाद में एयरलाइन ने एक और पोस्ट किया, कृपया हमें कुछ समय दें। हम दी गई जानकारी की समीक्षा कर रहे हैं और आपकी चिंता को जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास करेंगे। आपसे अनुरोध है कि अपनी संपर्क जानकारी और सुविधाजनक समय डीएम के जरिए साझा करें। बात करें लीजा रे के करियर की, तो उन्होंने 90 के दशक में मॉडलिंग से अपनी शुरुआत की थी और कई विज्ञापनों में काम किया। साल 2001 में उन्होंने फिल्म कसूर से बॉलीवुड में कदम रखा, जिसके बाद दीपा मेहता की फिल्म वॉटर से उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। उन्होंने कनाडाई फिल्मों में भी अभिनय किया है। कैंसर से जंग जीतने के बाद उन्होंने लेखन की दुनिया में भी कदम रखा।



# शादी और बच्चे जीवन की अनिवार्यता नहीं: किम शर्मा

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री किम शर्मा ने शादी और मातृत्व को लेकर अपने विचार साझा किए। एक्ट्रेस ने कहा कि मां बनना उनकी योजना का हिस्सा नहीं है। किम का मानना है कि शादी और बच्चे को जीवन की अनिवार्यता मानने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति की निजी पसंद होनी चाहिए। एक इंटरव्यू में किम शर्मा ने पारंपरिक विवाह और माता-पिता बनने को लेकर समाज के नजरिए पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'हमारे समाज में शादी को इस तरह देखा जाता है कि एक व्यक्ति के साथ पूरी जिंदगी बितानी ही होगी। खाना बनाना, घर संभालना, बच्चों का टिफिन तैयार करना—ये सब अनिवार्य मान लिया जाता है। लेकिन मैं कहती हूं कि अगर आप इसे कुछ सालों तक अनुभव करना चाहते हैं तो करें, अगर पूरी जिंदगी जीना चाहते हैं तो करें, और अगर नहीं करना चाहते तो मत करें।' जब उनसे यह पूछा गया कि क्या वह शादी करके बच्चे पैदा करने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने तुरंत असहमति जताई और कहा कि मां बनना उनकी प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे पैदा करने का मतलब यह नहीं होता कि वे बुढ़ापे में माता-पिता की देखभाल करेंगे। किम ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'मैं देखना चाहती हूं कि आज के दौर में कितने बच्चे अपने माता-पिता के बुढ़ापे में उनके पैर दबा रहे हैं। सच तो यह है कि बहुत ही कम बच्चे अपने माता-पिता के लिए मौजूद होते हैं। माता-पिता अपनी पूरी जिंदगी अपने बच्चों को देते हैं, लेकिन जब उन्हें जरूरत होती है तो बच्चे अक्सर व्यस्त होने का बहाना बना लेते हैं।' किम का मानना है कि माता-पिता बनना कोई लेन-देन का सौदा नहीं है, जहां एक व्यक्ति यह सोचकर बच्चा पैदा करे कि वह उसका बुढ़ापे में सहारा बनेगा। उन्होंने कहा, अगर कोई यह सोचकर बच्चे पैदा कर रहा है कि वह बुढ़ापे में उसकी देखभाल करेगा, तो यह बेहद गलत मानसिकता है। बच्चे इस दुनिया में इसलिए नहीं आते कि वे किसी का कर्ज चुकाएं।'

# सोहा ने बिल गेट्स से अपनी पुस्तक 'सोर्स कोड' पर लिया ऑटोग्राफ

हाल ही में अमेरिकी बिजनेसमैन और परोपकारी बिल गेट्स के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस सोहा अली खान ने एक खास मुलाकात की। इस दौरान सारा ने उनकी किताब सोर्स कोड पर ऑटोग्राफ भी लिया। एक्ट्रेस ने अपनी इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं और गेट्स की सोच और सकारात्मकता की तारीफ की। सोहा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, यह मानना कि दुनिया बदतर होती जा रही है, कि हम अत्यधिक गरीबी और बीमारी का समाधान नहीं कर सकते, सिर्फ गलत नहीं है, बल्कि यह हानिकारक भी है। किसी समझदार, धनी, उदार, समाधान-उन्मुख और सबसे महत्वपूर्ण रूप से आशावादी व्यक्ति से मिलकर और उनकी पुस्तक पर हस्ताक्षर प्राप्त कर बहुत खुशी हुई! इस बीच, सोहा अली खान अपनी फिटनेस को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह पुश-अप्स, जंपिंग जैक, एब क्रंच, वन-लेग लंज और ट्रेडमिल रनिंग करती नजर आईं। उन्होंने इस पोस्ट के साथ कैप्शन दिया, सप्ताह भर जोर लगाते हुए... वर्कआउट वेडनसडे, जिससे उनके प्रशंसकों को फिटनेस के प्रति प्रेरणा मिली। वहीं, अगर उनके वर्कफ्रंट की बात करें, तो सोहा जल्द ही छोरी 2 में नजर आएंगी। यह फिल्म 2021 में आई हॉरर-ड्रामा 'छोरी' का सीक्वल है, जिसमें नुसरत भरूचा मुख्य भूमिका में थीं। विशाल फुरिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण टी-सीरीज, क्रिप्ट टीवी और अबुंदतिया एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इस फिल्म में मीता वशिष्ठ, पल्लवी अजय, यानि भारद्वाज, राजेश जैस और सौरभ गोयल भी अपनी पिछली भूमिकाएं दोहराते नजर आएंगे। फैंस जहां सोहा की इस खास मुलाकात को लेकर उत्साहित हैं, वहीं उनकी आगामी फिल्म 'छोरी 2' को लेकर भी काफी उत्सुकता बनी हुई है।गौरतलब है कि बिल गेट्स तीन साल में तीसरी बार भारत आए हैं और इस दौरान वह राजनीतिक और सामाजिक रूप से प्रभावशाली हस्तियों से मुलाकात कर रहे हैं। उनकी इस यात्रा को लेकर काफी चर्चा हो रही है, क्योंकि वह भारतीय विकास और परोपकार से जुड़े कई विषयों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



# जेल में बिताए दिनों को लेकर एजाज खान ने किए चौंकाने वाले खुलासे



कुछ समय पहले ड्रग्स मामले में गिरफ्तार हुए अभिनेता एजाज खान ने दावा किया कि उन्होंने जेल में रहते हुए शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की मदद की थी। अभिनेता एजाज खान ने जेल में बिताए अपने दिनों को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एक इंटरव्यू में एजाज ने बताया कि जब वह मुंबई की आर्थर रोड जेल में थे, तब आर्यन और राज कुंद्रा भी वहां मौजूद थे। उन्होंने कहा, हां, आर्यन भी वहीं था। हमने शाहरुख के बेटे को पानी, सिगरेट सब दिया। जेल में इससे ज्यादा कोई क्या दे सकता है? वहां गुंडों और माफियाओं से बचाना भी जरूरी होता है, वरना पैसा देना पड़ता। आर्यन खान कॉमन बैरक में था, जबकि मैं और राज कुंद्रा बैरक नंबर 6 में थे। जेल में 3,500 से ज्यादा अपराधी हैं, वहां हर किसी से बचना मुश्किल होता है। जब एजाज से पूछा गया कि क्या जेल से बाहर आने के बाद उनकी आर्यन से मुलाकात हुई, तो उन्होंने कहा, कोई मीटिंग नहीं हुई। ये ऐसा ही है कि नेकी कर दरिया में डाल। लेकिन जो खानदानी और मर्द आदमी होगा, वो तुम्हें कभी नहीं भूल सकता। एजाज ने राज कुंद्रा के बारे में भी कई बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि जेल में रहते हुए राज अक्सर उनके जरिए पानी, ब्रेड और बिस्किट मांगते थे। सुपरिंटेंडेंट ने राज को साफ मना कर दिया था कि कोई उसे बिसलेरी नहीं देगा, सिर्फ नॉर्मल पानी मिलेगा। लेकिन वो अगर नॉर्मल पानी पीता तो बीमार हो जाता। इसलिए मैंने उसकी मदद की, एजाज ने कहा। हालांकि, जेल से बाहर आने के बाद राज कुंद्रा के व्यवहार से एजाज नाराज दिखे। उन्होंने कहा, राज ने एक इंटरव्यू में कहा था कि एजाज खान ने उसकी बहुत मदद की। लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है? उसने जेल में हुए जुल्म पर एक फिल्म बनाई, लेकिन उसमें मेरा रोल ही काट दिया। मेरा किरदार तो रखता, ताकि दुनिया देखती कि मैंने उसके लिए कितनी दुश्मनी ली, सबके खिलाफ जाकर उसकी मदद की। राज कुंद्रा को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए एजाज ने आगे कहा, मैंने उसे जेल में ब्रेड, बटर, बिस्किट दिया, लेकिन उसकी कोई कीमत नहीं। अगर बाहर आकर कोई मुझे पांच करोड़ भी दे, तो वो कम होगा, लेकिन उसने तो पांच रुपये भी नहीं दिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज कुंद्रा ने जेल में जो समय उनके साथ बिताया, उतना शायद उन्होंने अपनी पत्नी शिल्पा शेट्टी के साथ भी नहीं बिताया होगा। हम वहां 24 घंटे साथ रहते थे। दुख होता है कि आज वो बड़ी-बड़ी पार्टियां करता है, लेकिन मुझे कभी नहीं बुलाता। वो उन लोगों को बुलाता है, जो उसे बदनाम कर रहे थे।

# आईआईएम रायपुर ने विधायकों के लिए आयोजित किया दो दिवसीय सार्वजनिक नेतृत्व कार्यक्रम

**जयपुर टाइम्स**

रायपुर (नि.सं.)। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर ने छत्तीसगढ़ के विधायकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय सार्वजनिक नेतृत्व कार्यक्रम (Public Leadership Program) का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम 22 से 23 मार्च 2025 तक आयोजित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य विधायकों की प्रशासनिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करना था, जिससे 'विकसित छत्तीसगढ़ 2047' की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर माननीय विपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ विधानसभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और माननीय संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा, यह कार्यक्रम विधायकों के लिए एक सशक्त मंच है, जहाँ वे नए समाधान और विचार साझा कर सकते हैं। यदि हमें राज्य को आगे बढ़ाना है, तो हमें सभी प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के साथ संवाद और तकनीकी नवाचार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।÷

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, आप सोच सकते हैं कि चुनाव जीतने के बाद प्रशिक्षण की क्या आवश्यकता है, लेकिन जीत के साथ हमारी जिम्मेदारियाँ और भूमिकाएँ भी बढ़ जाती हैं। हमें सीखते रहना चाहिए और केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के संपूर्ण विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

माननीय विपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत ने कहा, यह मान लेना गलत होगा कि विधायक बनने के साथ ही हम पूर्ण नेता बन जाते हैं। नेतृत्व एक सतत सीखने की प्रक्रिया है। कठिन परिस्थितियों से उभरकर जशपुर के एक आदिवासी पुत्र आज मुख्यमंत्री बने हैं, यही हमारे लोकतंत्र की शक्ति और सुंदरता है। हमें छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

आईआईएम रायपुर के निदेशक डॉ. राम कुमार काकानी ने कहा, हम शिक्षा और प्रशासन के बीच की खाई को पाटने में विश्वास रखते हैं। यह कार्यक्रम केवल ज्ञान प्राप्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि विचारों के आदान-प्रदान और नवाचारी समाधानों को साझा करने का एक मंच भी है। इससे छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक उत्कृष्टता को नई ऊँचाइयों तक ले जाया जा सकता है। यह कार्यक्रम निर्णय लेने और रणनीतिक संवाद पर आधारित क्षमता निर्माण के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने का एक आवश्यक तत्व है।

कार्यक्रम निदेशक, प्रो. संजीव प्रशर और प्रो. सुमीत गुप्ता ने इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि



मुख्य संचालक प्रो. अर्चना पराशर ने भी अपने विचार साझा किए। इस दो दिवसीय नेतृत्व कार्यक्रम में अनुभवी वक्ताओं द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। इनमें वित्तीय योजना और बजट, सार्वजनिक जीवन और कहानी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रौद्योगिकी, मीडिया और जनसंपर्क प्रबंधन, जनप्रतिनिधियों के कर्तव्य और ज़िम्मेदारियाँ, और सुशासन तथा जीवन में परिवर्तनकारी सुधार जैसे विषय शामिल थे। कार्यक्रम के समापन सत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, माननीय विपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और इस पहल की सराहना की।

## आईआईएम रायपुर ने आयोजित किया दो दिवसीय सार्वजनिक नेतृत्व कार्यक्रम

**जयपुर टाइम्स**

रायपुर(नि.सं.)। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर ने छत्तीसगढ़ के विधायकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय सार्वजनिक नेतृत्व कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विधायकों की प्रशासनिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करना था, जिससे 'विकसित छत्तीसगढ़ 2047' की परिकल्पना को साकार किया जा सके। कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर विपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा, ÷यह कार्यक्रम विधायकों के लिए एक



सशक्त मंच है, जहाँ वे नए समाधान और विचार साझा कर सकते हैं। एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के साथ संवाद और तकनीकी नवाचार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

आईआईएम रायपुर के निदेशक डॉ. राम कुमार काकानी ने कहा, हम शिक्षा और प्रशासन के बीच की खाई को पाटने में विश्वास रखते हैं। यह कार्यक्रम केवल ज्ञान प्राप्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि विचारों के आदान-प्रदान और नवाचारी समाधानों को साझा करने का एक मंच भी है। यह कार्यक्रम निर्णय लेने और रणनीतिक संवाद पर आधारित क्षमता निर्माण के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने का एक आवश्यक तत्व है। कार्यक्रम निदेशक, प्रो. संजीव प्रशर और प्रो. सुमीत गुप्ता ने इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि मुख्य संचालक प्रो. अर्चना पराशर ने भी अपने विचार साझा किए।

# टाटा एआईए के टैक्स बोनान्ज़ा कंजम्पशन फंड से पाएं अधिकतम टैक्स राहत

**भारत में हो रहे विकास का लाभ उठाने के लिए लॉन्च किए दो एनएफओ**

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(नि.सं.)। हाल ही में केंद्र सरकार ने की हुई बजट घोषणा ने डिस्पोजेबल आय में उछाल के लिए मंच तैयार किया है, जिससे भारत में उपभोग में वृद्धि के लिए एक मजबूत एनेबलर तैयार हुआ है। नई कर व्यवस्था (वित्त वर्ष 26 से प्रभावी) में 12.75 लाख तक की आय या वेतनभोगी व्यक्तियों पर शून्य कर देयता होने की वजह से भारतीय उपभोक्ताओं की खर्च करने की शक्ति बढ़ेगी, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी। हमारी अर्थव्यवस्था के उपभोग-संचालित विकास की गति बढ़ेगी, जिसकी वजह से अनूठा निवेश अवसर मिलेगा।

भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स (टाटा एआईए) ने इस बदलाव को पहचानते हुए, विभिन्न उपभोक्ता क्षेत्रों को टारगेट करते हुए दो कॉन्टेक्सच्युअल फंड पेश किए हैं

ए) टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्ज़ा कंज़म्पशन फंड॰ विशेष रूप से तैयार किए गए इस फंड के माध्यम से, उपभोक्ता न केवल बढ़ते कंज़म्पशन रुझानों का लाभ उठा सकते हैं, बल्कि अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं। इस प्रकार, यह फंड धन बनाने और वित्तीय सुरक्षा का दोहरा लाभ प्रदान करता है।

बी) टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्ज़ा कंज़म्पशन पेंशन फंड॰ टाटा एआईए के यूनिट-लिंक्ड पेंशन समाधान के माध्यम से विशेष रूप से उपलब्ध, यह फंड उन लोगों के लिए सही है जो रिटायरमेंट के बाद अपनी बचत बढ़ाना चाहते हैं। दीर्घकालिक विकास दिलाने के लिए डिज़ाइन किया गया, यह फंड आपको एक मज़बूत रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करता है जो आपको आने वाले वर्षों के लिए वित्तीय स्थिरता और मन की शांति प्रदान कर सकता है।

दोनों नए फंड ऑफर 24 से 31 मार्च 2025 तक उपलब्ध रहेंगे। हर यूनिट की कीमत 10 होगी।

### अभी क्यों है सही समय

भारत में कंज़म्पशन में उछाल जारी रहेगा - भारत के कंज़म्पशन क्षेत्र में बड़े बदलाव हो रहे हैं। बढ़ती आय, शहरीकरण और उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में हो रहे बदलाव इसके प्रमुख कारण हैं। हाल ही के कर सुधारों ने इसे और बढ़ावा दिया है, जिससे उपभोक्ताओं के हाथों में अधिक पैसा आ गया है और स्वास्थ्य, रिटेल, ई-कॉमर्स और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में मांग बढ़ गई है।

### भारत में कंज़म्पशन में उछाल के पीछे कई कारण हैं

❐ बढ़ती डिस्पोजेबल आय॰ जैसे-जैसे मध्यम वर्ग की संख्या बढ़ रही है, , रिटेल, ई-कॉमर्स, ऑटोमोबाइल आदि जैसे क्षेत्रों में उपभोक्ताओं द्वारा खर्च बढ़ रहा है।

यह वृद्धि भारत की आर्थिक मज़बूती को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

❐ डेमोग्राफिक लाभभारत में 50% से ज़्यादा आबादी 25 वर्ष से कम आयु की है। भारत को युवा कार्यबल के लाभ मिल रहे है, जो देश के कंजम्पशन में उछाल को आगे बढ़ा रहा है। कामकाजी आयु की बढ़ती आबादी डिस्पोजेबल आय को बढ़ाती है और उत्पादों और सेवाओं की मांग को बढ़ाती है।

❐ करों में अनुकूल सुधार॰ केंद्रीय बजट 2025 में दी गयी कर राहत से विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में क्रय शक्ति बढेगी, जिससे अपनी इच्छानुसार किए जाने वाले खर्च और प्रीमियमाइजेशन ट्रेंड्स को बढ़ावा मिलेगा।

❐ उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव॰ आज के उपभोक्ता बचत से ज़्यादा अनुभवों को प्राथमिकता दे रहे हैं, एक्सक्लूज़िविटी, ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल सेवाओं आदि को अपना रहे हैं। यह बदलाव भारत में कंज़म्पशन को नया रूप दे रहा है।

❐ तेजी से बढ़ते क्षेत्र॰ ई-कॉमर्स, क्विक-कॉमर्स और प्रीमियम या लक्ज़री गुड्स सेक्टर में ज़ोरदार वृद्धि देखी जा रही है।

उदाहरण के तौर पर, रेडसीर कंसल्टिंग के अनुसार, भारतीय क्विक कॉमर्स मार्केट, जिसका मूल्य 2021 में लगभग 1.1 बिलियन डॉलर था, 2028 तक 12 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह इस अवधि के दौरान लगभग 30-35% की CAGR दर्शाता है।

टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्ज़ा कंज़म्पशन फंड और टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्ज़ा कंज़म्पशन पेंशन फंड को इन रुझानों का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से डिज़ाइन किया गया है।

यह फंड भारत के विकसित हो रहे कंज़म्पशन पैटर्न से लाभ उठाने के लिए तैयार कंपनियों में निवेश करते हैं।

टाटा एआईए के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर हर्षद पाटील बताते हैः ÷शहरीकरण, बढ़ती आय और प्रीमियम उत्पादों और सेवाओं की ओर बदलाव के कारण भारत के कंज़म्पशन पैटर्न तेज़ी से विकसित हो रहे हैं।

# गोदरेज जर्सी ने 3×3 रणनीति का अनावरण किया

**जयपुर टाइम्स**

हैदराबाद(नि.सं.)। दक्षिण भारत के डेयरी उद्योग से जुड़े अग्रणी ब्रांड, गोदरेज जर्सी ने वित्त वर्ष '26 के लिए अपनी उल्लेखनीय 3×3 लीपफ्रॉग रणनीति का अनावरण किया। इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य है, कंपनी की उत्पाद श्रृंखला का विस्तार करना, बाज़ार में पैठ बनाना और निरंतर नवोन्मेष के ज़रिये उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाना। गोदरेज जर्सी तीन मुख्य उत्पादों-बादाम दूध, पनीर और दही पर ध्यान केंद्रित कर खुद को डेयरी के मूल्यवर्द्धित खंड की प्रमुख इकाई बनने के लिए तैयार कर रही है। गोदरेज जर्सी के मुख्य कार्यकारी, भूपेंद्र सूरी ने कहा, ÷वित्त वर्ष '26 की ओर बढ़ते हुए हमारी विकास रणनीति सनराइज़



श्रेणियों में केंद्रित है। 3×3 लीपफ्रॉग रणनीति हमें बाज़ार विस्तार में तेज़ी लाने, अपनी उपभोक्ता पेशकशों को बढ़ाने और निरंतर नवोन्मेष, रणनीतिक निवेश और लक्षित साझेदारी के ज़रिये सतत विकास को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। इसके अतिरिक्त, हमारा लक्ष्य है, अपने मूल्य वर्धित उत्पादों (वीएपी) पोर्टफोलियो का विस्तार कर अपनी बाज़ार हिस्सेदारी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना, जिससे दक्षिण भारत के डेयरी बाज़ार में हमारी अग्रणी स्थिति और मज़बूत होगी।÷गोदरेज जर्सी के विपणन प्रमुख (मार्केटिंग हेड), शांतनु राज ने कहा, ÷आज का उपभोक्ता परिदृश्य पहले से कहीं ज़्यादा गतिशील है, और अग्रणी बने रहने के लिए उनकी बदलती प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बनाए रखना ज़रूरी है।

## जीतो धन धना धन हर टाटा आईपीएल मैच में 100 विजेताओं के साथ वापस आ गया है

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई(नि.सं.)। टाटा आईपीएल 2025 सीजन के शुरू होने में 24 घंटे से भी कम समय बचा है, ऐसे में जियोस्टार ने आज अपने लोकप्रिय प्रिडिक्ट-एंड-विन फैंस एंगेजमेंट प्रतियोगिता जीतो धन धना धन (JDDD) की वापसी की घोषणा की है और MyvvCircle को लगातार दूसरे सीजन के लिए टाइटल प्रायोजक बनाया गया है। जीतो धन धना धन जियोहॉटस्टार पर एक फ्री-टू-प्ले प्रतियोगिता है, जिसमें दर्शक भाग ले सकते हैं और रियल टाइम की प्रिडिक्शन और सामान्य ज्ञान के सवालों के साथ टाटा आईपीएल को लाइव देखते हुए पुरस्कार, ब्रांड कूपन जीत सकते हैं, जिससे देखने का अनुभव और भी रोमांचक और फायदेमंद हो जाता है।

# सेलर्स के लिए अमेज़न का बड़ा कदम, : 1.2 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स पर ज़ीरो रेफरल फीस

**जयपुर टाइम्स**

बेंगलुरु(नि.सं.)। अमेज़न इंडिया ने आज देश भर में amazon.in पर बिक्री करने वाले लाखों छोटे व्यवसायों की मदद के लिए सेलर्स फीस में अपनी अब तक की सबसे बड़ी कटौती की घोषणा की। amazon.in पर सेलर्स की वृद्धि को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंपनी ने ?300 से कम कीमत वाले 1.2 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स पर से रेफरल फीस पूरी तरह हटाने (ज़ीरो रेफरल फीस) का प्रावधान किया है।

रेफरल फीस एक तरह का कमीशन है, जो सेलर्स बेचे गए हर प्रोडक्ट के लिए अमेज़न को देते हैं। शून्य रेफरल फीस का यह प्रावधान 135 से अधिक प्रोडक्ट कटेगोरिएस पर लागू होगा।

अमेज़न ने ईज़ी शिप और सेलर फ्लेक्स जैसे वाह्य फुलफिलमेंट चैनलों का उपयोग करने वाले सेलर्स के लिए सरलीकृत फ्लैट दर भी पेश किया है, जिसमें राष्ट्रीय शिपिंग दरें अब ?77 से कम होकर 65 से शुरू होती हैं। ईज़ी शिप एक फुलफिलमेंट चैनल है जिसके तहत अमेज़न सेलर्स के स्थान से पैकेज इकट्ठा करती है और उन्हें ग्राहकों तक पहुंचाता है। अमेज़न सेलर फ्लेक्स के अंग के रूप में, सेलर्स के गोदाम के एक हिस्से को अमेज़न फुलफिलमेंट सेंटर के रूप में प्रबंधित करती है। इसके अलावा, कंपनी ने 1 किलोग्राम से कम वज़न वाले सामानों के लिए वज़न प्रबंधन फीस में 17 तक की कटौती की है, जिससे सेलर्स को अब अमेज़न को कम फीस का भुगतान करना पड़ता है। एक बार में एक से अधिक प्रोडक्ट इकाई की शिपिंग करने वाले सेलर्स को दूसरी इकाई पर बिक्री फीस में 90त्न से अधिक तक की बचत देखने को मिलेगी। इन बदलावों से सेलर्स को व्यापक सेलेक्शन, प्रतिस्पर्धी ऑफर देने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करेंगे। संशोधित फीस 7 अप्रैल, 2025 से लागू होंगे।

# एसीसी जामुल में अदाणी फाउंडेशन ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के माध्यम से कनेक्टिविटी में बदलाव किया

**जयपुर टाइम्स**

छत्तीसगढ़(नि.सं.)। विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी ने जामुल में बोगदा



ब्रिज से एसीसी प्लांट गेट तक 927 मीटर लंबी सड़क का नवीनीकरण किया है, जिससे 30,000 निवासियों को लाभ हुआ है। इस परियोजना के माध्यम से, एसीसी ने अदाणी फाउंडेशन के साथ मिलकर सड़क को 3 मीटर से 4.5 मीटर तक चौड़ा किया है और 930 मीटर लंबी जल निकासी प्रणाली जोड़ी है, जिससे यातायात की भीड़ और मानसून में जलभराव की समस्या का समाधान हुआ है और यात्रा सुगम और सुरक्षित हुई है। उन्नत सड़क ने अडानी फाउंडेशन के उत्थान कोचिंग में शिक्षिका ज्योति साहू सहित यात्रियों के लिए क्षेत्र में सुरक्षा, पहुंच और आर्थिक गतिविधि को काफी हद तक बढ़ा दिया है, जबकि व्यवसायों को बेहतर परिवहन लिंक से लाभ हुआ है। ज्योति साहू कहती हैं, ÷पहले, मानसून में बाढ़ और यातायात की भीड़ के कारण मेरा दैनिक आवागमन तनावपूर्ण हो जाता था। अब, चौड़ी सड़क और बेहतर जल निकासी के कारण, मुझे अब बारिश में फंसने की चिंता नहीं रहती।

# टाटा पावर ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में दिव्यांगों के लिए की समावेशी डांस एवं मूवमेंट थेरेपी कोर्स मॉड्यूल की घोषणा

**जयपुर टाइम्स**

राष्ट्रीय(नि.सं.)। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक, टाटा पावर ने राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 के साथ भागीदारी कर समावेश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ किया। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में आयोजित यह एक दिवसीय कार्यक्रम, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमएसजेई) की दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए समावेश, पहुंच और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की पहल है। इस कार्यक्रम में भारत की माननीय राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू ने भाग लिया।टाटा पावर ने समावेश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के मद्देनज़र 'पे ऑटेंशन ङ्क भारत के पहले फिजिटल ऑटिज्म सपोर्ट नेटवर्क' एक्सपीरियंशियल ज़ोन (अनुभव आधारित गतिविधि क्षेत्र) और डांस मूवमेंट योग थेरेपी फाउंडेशनल कोर्स के शुभारंभ के ज़रिये अपने मौजूदा प्रयासों को प्रदर्शित किया। ये प्रयास टाटा एलेक्सी के साथ गठजोड़ में टाटा पावर के अद्वितीय, ओपन एक्सेस लर्निंग प्लेटफार्म ङ्क पे ऑटेंशन और ई-सानिध्य का उपयोग कर किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण था, टाटा पावर के फिजिटल (फिजिकल + डिजिटल) डांस-मूवमेंट-योग पाठ्यक्रम की घोषणा; जिसे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमएसजेई) और पे ऑटेंशन नेटवर्क भागीदारों के सहयोग से तैयार किया जा रहा है। मांसपेशियों की गतिविधियां (मोटर स्किल) बढ़ाने, ध्यान बढ़ाने, भावनाओं को नियंत्रित करने और सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देने में गतिविधि आधारित उपचारों के प्रभाव को पहचानते हुए, डांस एवं मूवमेंट थेरेपी (डीएमटी) को कंपनी की पे ऑटेक्शन पहल में जोड़ा गया है, जो ई-सानिध्य पोर्टल के ज़रिये कई ऑनलाइन और ऑफलाइन सत्र प्रदान करता है। यह न केवल न्यूरोडाइवर्स लोगों के लिए बल्कि इनकी देखभाल करने वालों और कई अन्य खंडों के लिए भी ऊर्जावान, आकर्षक और प्रभावशाली साबित हुआ है। इस पाठ्यक्रम की घोषणा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) एवं एनआईईपीआईडी के शीर्ष नेतृत्व ने की। इनमें माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, डॉ. वीरेंद्र कुमार; डीईपीडब्ल्यूडी के सचिव, राजेश अग्रवाल; डीईपीडब्ल्यूडी के संयुक्त सचिव, राजू शर्मा; डीईपीडब्ल्यूडी की संयुक्त सचिव, मनमीत कौर नंदा; डीईपीडब्ल्यूडी की उपमहानिदेशक ऋचा शंकर; और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बनवारी लाल वर्मा के साथ-साथ टाटा पावर के वरिष्ठ अधिकारी - हिमाल तिवारी - सीएचआरओ, सस्टेनेबिलिटी (वहनीयता) एवं सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी) प्रमुख, पंकज कुमार सिंह - कम्युनिटी इम्पैक्ट प्रमुख, फोराम नागोरी सीएसआर एवं प्रोग्राम गवर्नेंस प्रमुख, श्रेयस देसाई, जीएम, सकारात्मक पहल कार्यक्रम, टाटा संस शामिल रहे।

टाटा पावर के सस्टेनेबिलिटी एवं सीएसआर प्रमुख, सीएचआरओ, हिमाल तिवारी ने इस अवसर पर कहा, हमें राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट के साथ लगातार दूसरे साल साझेदारी कर गर्व महसूस हो रहा है। पिछले साल, एमएसजेई और टाटा एलेक्सी के साथ, हमने ई-सानिध्य न्यूरोडायवर्सिटी सपोर्ट प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था और सफलतापूर्वक इसका विशाल-पायलट प्रस्तुत किया था। इस साल हमने दिव्यांगजनों के साथ डांस-मूवमेंट-योग चिकित्सा पर आधारित एक लघु, हाइब्रिड आधारभूत पाठ्यक्रम तैयार करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है; जिसमें टाटा के स्वयंसेवकों के साथ योग सहित 'आर्ट इन हेल्थ' (%स्वास्थ्य में कला%) क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया जाएगा। टाटा पावर समावेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, और राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में हमारी भागीदारी इसकी पुष्टि करती है। टाटा पावर न्यूरोडायवर्सिटी और समावेश के इस क्षेत्र में सरकारी एजेंसियों और साझेदार संगठनों के साथ सक्रिय रूप से काम करना जारी रखेगी।

इस कार्यक्रम में कुल मिलाकर 23,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें स्पेशल स्कूलों (दिव्यांग बच्चों के विद्यालय) के बच्चे, टाटा पावर द्वारा समर्थित समुदाय के सदस्य, सार्वजनिक क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारी और पे ऑटेंशन नेटवर्क के भागीदार शामिल रहे। इन सभी ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी और इंडियन होटल्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) जैसी टाटा समूह की कंपनियों के स्वयंसेवक भी इसमें शामिल हुए।अहमदनगर के पास टाटा पावर समुदायों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां दीं, अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और समुदायों के लिए शैक्षणिक और पठन-पाठन से जुड़ी पहल बढ़ाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को भी उजागर किया। पे ऑटेंशन नेटवर्क भागीदार विक्ट्री आर्ट्स फाउंडेशन ने एक डांस एवं मूवमेंट थेरेपी कार्यशाला का नेतृत्व किया, जिसमें विशिष्ट देखभाल की ज़रूरत वाले बच्चों, युवाओं और आम दर्शकों ने एक मजेदार सत्र में भाग लिया।इस कार्यक्रम का एक और मुख्य आकर्षण था, पे ऑटेंशन एक्सपीरियेंशियल ज़ोन (अनुभव आधारित गतिविधि क्षेत्र) था, जिसमें आगंतुकों को जागरूक बनाने और उन्हें इस प्रक्रिया से जोड़ने के लिए तैयार संवादपरक प्रदर्शनी की गई।

# राजस्थान स्थापना दिवस की पूर्व तैयारियों एवं साप्ताहिक समीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित

## राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिले में 25 से 31 मार्च तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राजस्थान स्थापना दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) की पूर्व तैयारियों एवं साप्ताहिक समीक्षा के संबंध में सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने संबंधित विभाग के नोडल अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम के लिए उचित स्थान का चयन कर राज्य स्तरीय समारोह से जुड़ने से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग पंकज मीणा को दिए है। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सम्पूर्ण तैयारियों समय पर पूर्ण करने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मंशानुरूप 25 से 31 मार्च तक राजस्थान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के गरीब, युवा, महिला और किसानों को विशेष सौगातें दी जाएगी। इसके साथ ही निवेश उत्सव, सुशासन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान दिवस समारोह का आगाज 25 मार्च को बाड़मेर से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित 'महिला सम्मेलन' से होगा। जिला मुख्यालय राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में किया जाएगा। जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों व लाभार्थी महिलाओं को आमंत्रित करने व कार्यक्रम स्थल पर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश उप निदेशक अमित गुप्ता को प्रदान किए। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर किसान सम्मेलन एवं एफ.पी.ओ. कार्यक्रम 26 मार्च को, गरीब एवं अन्त्योदय 27 मार्च को, सुशासन समारोह का आयोजन 28 मार्च को एवं युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन 29 मार्च को किया जाएगा। इसी प्रकार राज्य स्तरीय 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' 30 मार्च एवं राज्य स्तरीय 'निवेश उत्सव' का आयोजन 31 मार्च को किया जाएगा।

**गर्मियों में विद्युत-पेयजल आपूर्ति नही हो बाधित**

जिला कलक्टर ने अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीणा को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के दौरान बिजली कटौती नहीं हो, इसके कारण किसी भी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने अभी से ठोस योजना तैयार करने और सक्रिय रहने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता भगवान सहाय मीणा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिससे जिले में आगामी गर्मियों के दिनों में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने अतिरिक्त सीएमएचओं डॉ. कैलाश सोनी को चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आवश्यक सेवाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दैनिक जलापूर्ति, पेयजल गुणवत्ता संबंधी समस्याओं के संबंध में 07462-220062 पर, विद्युत आपूर्ति के संबंध में 07462-224112 अथवा 9413383132 एवं मौसमी बीमारियों से संबंधित चिकित्सकीय सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष नंबर 07462-253011 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा कर समस्या के मूल कारणों की तह में जाकर उसके समाधान की रणनीति तैयार करें। उन्होंने कृषि मण्डी सचिव दिलीप मीणा को न्यूनतम समर्थन मूल्य खरीद केन्द्रों पर किसानों के लिए साफ-सफाई, छाया, रोशनी, पेयजल, विश्राम कक्ष आदि आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करवाने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय मीणा, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सुग्रीव मीणा, अग्रणी जिला प्रबंधक परेशनाथ बनर्जी, जिला रसद अधिकारी रामभजन मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)** जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा विद्यार्थियों की अपार आईडी बनवाने , विद्यालय खेल मैदान से अतिक्रमण हटवाने, विद्यार्थियों के आधार जनाधार प्रमाणीकरण करवाने, विद्यालयों में नामांकन वृद्धि, मिशन संवाद तथा मिशन निडर कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गौरव बुडानिया, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना तथा समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय शिक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दशामाता का व्रत रख कर की परिवार की सुख-समृद्धि की कामना



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** परिवार की सुख-समृद्धि व पति की दीर्घायु की कामना को लेकर महिलाओं ने दशामाता का व्रत रखा। पीपल वृक्ष की पूजा कर धूप-दीप,वस्त्र,पीले आटे से बने गहने व नैवेद्य चढ़ाया और पीपल की परिक्रमा कर सूत लपेटा। इसके बाद दशामाता व नल दमयंती की कथा सुन कर दस गांठ लगे सूती धागे को जिसे स्थानीय भाषा में 'बेळ' कहा जाता हैं, धारण किया और परिवार में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।साथ ही मकान के बाहर कुंकुम और हल्दी से हाथ के छापे भी लगाए। मान्यता हैं कि दशामाता का व्रत करने से परिवार की दशा सुधरती हैं और दरिद्रता दूर हो कर सम्पन्नता बढ़ती हैं।वहीं मंदाकिनी महादेव मंदिर की शिल्पकला देखने आए विदेशी पर्यटकों ने भी दशामाता व्रत पर यहां पीपल की पूजा कर रही महिलाओं को काफी देर तक देखा और साथ आए गाइड से इस बारे में जानकारी हासिल की।शास्त्रों के अनुसार दशामाता व्रत में एक प्रकार के अनाज का सेवन ही किया जाता हैं व नमक खाना वर्जित होता हैं। दशा माता नारी शक्ति का एक रूप है। ऊँट पर आरूढ़ देवी माँ के चार हाथ दर्शाए गए है। क्रमशः ऊपरी दाएं और बाएं हाथ में तलवार और त्रिशूल है और निचले दाएं और बाएं हाथों में कमल और कवच धारण किए हुए है। शास्त्र मत से दशामाता का व्रत जीवन भर किया जाता हैं। इसका उद्यापन नहीं होता हैं।

## दो सप्ताह से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** पिछले दो सप्ताह से चल रही बिजौलियां नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल उपखंड कार्यालय में सफाईकर्मियों व प्रशासन के बीच हुई समझौता वार्ता के बाद खत्म हो गई।इसके साथ ही कस्बेवासियों को जगह-जगह लग रहे गन्दगी व कचरे के ढेर और सड़ांध मारती नालियों से निजात मिलेगी।93 सफाईकर्मियों को विज्ञप्ति जारी नहीं होने तक सफाई ठेकेदार द्वारा नहीं हटाए जाने पर भी सहमति बनी है।साथ ही सफाई कर्मचारियों का अधिकतम वेतन 8540 रुपए किया गया है। बैठक में उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह,तहसीलदार ललित कुमार,ईओ पंकज कुमार मंगल, एडवोकेट सुमित जोशी, शिव चंद्रवाल, देवेंद्र लक्षकार, विनोद घूसर व मोहनलाल घूसर मौजूद रहे।

## संघ का लक्ष्य 'सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी' होना है, जो समाज - राष्ट्र के सभी पहलुओं को स्पर्श करे- डॉ. अग्रवाल

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने कहा कि संघ का लक्ष्य 'सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी' होना है, जो समाज और राष्ट्र के सभी पहलुओं को स्पर्श करे। संघ आज देश के सुदूर और आदिवासी इलाकों में काम करता है। उदाहरण के लिए, ओडिशा के कोरापुट और बोलनगीर के जनजातीय क्षेत्रों में 1031 शाखाएं हैं, जिनमें उन समुदायों से ही कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। डॉ. अग्रवाल सोमवार को भारती भवन पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बेंगलुरु में चन्नेनहल्ली के जनसेवा विद्या केंद्र सम्पन्न हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। इसमें देशभर से 1482 कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हुए अत्याचारों को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। राजस्थान क्षेत्र के संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने सोमवार को भारती भवन में पत्रकारों को बताया कि प्रतिनिधि सभा में संगठनात्मक कार्यों का विश्लेषण, विकास, प्रभाव और समाज परिवर्तन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि संघ ने गत 100 वर्षों में कार्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्तमान देशभर में 51570 स्थानों पर प्रतिदिन कुल 83129 शाखाएं संचालित की जाती हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 हजार से अधिक

# क्षय रोग दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** क्षय रोग दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में सोमवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्त्वावधान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं और छात्रों को पुरस्कृत किया गया। अभियान के अंतर्गत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में राजकीय विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे प्रत्येक ब्लॉक में विजेता रहे बालिकाओं और बालकों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिला स्तरीय प्रतियोगित में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाखनपुर की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा पायल प्रथम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंडार में ग्यारहवीं कक्षा का छात्र पार्थ सेन द्वितीय व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुचोलाई की ग्यारहवी कक्षा की छात्रा शिवानी गुर्जर तृतीय स्थान पर रहीं। जिला स्तर पर प्रथम रहने वाली छात्रा पायल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी भाग लिया। इन तीनों विजेताओं को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल कुमार जैमिनी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल व डॉ देशराज मीना ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। सीएमएचओ ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जिला क्षय अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत पिछले एक महीने से लगातार चिकित्सा विभाग प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न एक्टिविटी आयोजित की जा रही थी, इसके अलावा चिकित्सा विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर सेंपलिंग और जांच में भी जुटी हुई है। प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज दिलाया जा रहा है। उन्होंने सभी को कहा कि उन्हें किसी में भी यदि टीबी के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो वो उसे अपनी जांच और इलाज करवाने के लिए व आमजन को टीबी मरीज को पोषण सहायता उपलब्ध करवाने के लिए निक्षय मित्र बनने के अपील की। इसके साथ ही नेहरू युवा केन्द्र के ब्लॉक कोर्डिनेटर रजत भारद्वाज द्वारा सभी विजेताओं को टीशर्ट व अतिथियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राएं, विभागीय स्टाफ मौजूद रहे।

## कैम्पस प्लेसमेंट शिविर कल

**झुंझुनूं(निस)।** राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत बेरोजगार आशार्थियों को प्राईवेट क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुंझुनूं की ओर से एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन बुधवार को प्रातः 10 बजे से रोजगार कार्यालय झुंझुनूं परिसर में किया जा रहा है। विभाग के सहायक निदेशक दयानंद यादव ने बताया कि शिविर में भारत की प्रसिद्ध प्राईवेट (निजी) कम्पनी मानेसर (गुरूग्राम, हरियाणा) स्थित सुब्रोस प्राइवेट लिमिटेड व प्रसिद्ध सेक्युरिटी कम्पनी ग्रुप-4 (दिल्ली) की ओर से रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड रतनगढ़**

क्रमांकः- 4264-4271 दिनांकः- 19.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 25/2024-25 खण्ड रतनगढ़**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला चूरू में सडक निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org एवं www.sppp. rajasthan. gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No :- PWD2425A4756

UBN NO-

1. PWD2425WSOB17155 2. PWD2425WSOB17156
3. PWD2425WSOB17157

अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि खण्ड रतनगढ़

DIPR/C/4147/2025

राजस्थान सरकार

**कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता खान एवं भू विज्ञान विभाग, कोटपूतली**

क्रमांक- सखअ / कोट / सीसी / 2024-2025 / दिनांक-

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में जिला कोटपूतली बहरोड की तहसील पावटा में निकट ग्राम पंचपहाडी में खननपट्टा संख्या एम0एल0 70/1996 वास्ते खनिज चैजा पत्थर क्षेत्र 1.00 हैक्टर दिनांक 15.09.1997 से 50 वर्ष तक के लिए श्रीमती शाबकोर पत्नी श्री दयाचन्द राठी निवासी भांकरी तहसील कोटपूतली जिला कोटपूतली बहरोड राजस्थान के पक्ष में प्रभावशील है। दिनांक 27.11.2024 को खननपट्टाधारी श्रीमती शाबकोर की मृत्यू हो जाने के कारण राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के नियम 76 के अन्तर्गत उनके पति श्री दयाचन्द राठी पुत्र श्री सूरजमल राठी के पक्ष में उक्त खननपट्टे में नामान्तरण किया जाने हेतू आनलाईन आवेदन इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। इस संबंध में अगर किसी को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथी से 15 दिवस में कार्यालय में मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा श्री दयाचन्द राठी पुत्र श्री सूरजमल राठी के नाम स्व0 श्रीमती साबकोर के नामान्तरण की अग्रीम कार्यवाही की जावेगी । सो सूचित रहे ।

(अमीचन्द दुहारिया)
सहायक खनि अभियन्ता
कोटपूतली

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हुआ पोश एक्ट के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा सखी वनस्टॉप सेन्टर सवाई माधोपुर में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 'पोश एक्ट' 2013 के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव समीक्षा गौतम ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि पोश एक्ट का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न को रोककर महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित, गरिमापूर्ण, उत्पीड़न मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना है। किसी विभाग, संगठन, संस्था, कार्यालय, कम्पनी, अस्पताल तथा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के अन्य कार्यस्थलों पर छेड़छाड, अनुचित शारीरिक स्पर्श, अश्लील मौखिक टिप्पणी की शिकार महिलाओं की सुरक्षा हेतु पोश एक्ट को लागू किया गया है। कार्यस्थलों पर कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा एवं उनकी लैंगिक उत्पीड़न संबंधी शिकायतों के निवारण के लिये प्रत्येक कार्यस्थल पर आंतरिक परिवाद समिति तथा सम्पूर्ण जिले के लिए जिला कलेक्ट्रेट स्तर पर एक स्थानीय परिवाद समिति का गठन किया जाना आवश्यक है। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत के आवेदन की प्रक्रिया, शिकायत की जांच के दौरान की जाने वाली कार्यवाही, लैंगिक उत्पीड़न की शिकार महिला के अनुरोध पर सुलह के माध्यम से विवाद का निस्तारण, लैंगिक उत्पीड़न के मामलें में प्रतिकर राशि का भुगतान, लैंगिक उत्पीड़न के मामले में दोषी को मिलने वाली सजा

## मानवीय उपयोग के लिए नए वैश्विक अंतरराष्ट्रीय कानून एवं नए रेगुलेटरी फ्रेमवर्क की जरूरत- डॉ डीपी शर्मा

**धौलपुर(निसं.)।** बैंकॉक "आईसीईईई 2025"- अंतर्राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में तकनीकी की बहुआयामी चुनौतियों एवं आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस के एथिकल, जिम्मेदार एवं मानवीय उपयोग के लिए नए वैश्विक अंतरराष्ट्रीय कानून एवं नए रेगुलेटरी फ्रेमवर्क की जरूरत। बैंकॉक, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग द्वारा आईसीईईई 2025 अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस का आयोजन किया गया जिसमें कंप्यूटर वैज्ञानिक एवं डिजिटल डिप्लोमेट डॉ डीपी शर्मा भी पहुंचे। कंप्यूटर वैज्ञानिक एवं यूनाइटेड नेशन से जुड़े डिजिटल डिप्लोमेट डॉ शर्मा ने बताया कि विभिन्न तकनीकों एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा उत्पन्न अवसरों के अंधाधुंध दोहन के साथ मानव की सुरक्षा एवं मानवी मूल्यों को संतुलित करने की आवश्यकता है। डॉ शर्मा ने कहा कि हम तकनीकी विकास की दुनियां में विश्व स्तर पर पीछे तो नहीं जा सकते परंतु भविष्यगामी तकनीकी चुनौतियों के लिए सावधान रहते हुए नए तरीके एवं कानून बना सकते हैं। डॉ शर्मा ने जोर देकर कहा कि कोई भी टेक्नोलॉजी अपने विकास के साथ विकार को भी लेकर आती है और यही विकार एथिकल, जिम्मेदार एवं मानवीय सीमाओं को तोड़कर यदि मानवीय मूल्यों को चुनौती देते हैं तो वे मनुष्य जाति के लिए खतरनाक साबित हो सकते ते हैं। आज हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार, नैतिक एवं मानवीय धारणाओं और नियमों के तहत ही इस्तेमाल करने की सोचना चाहिए तभी यह मनुष्य जाति के लिए वरदान साबित होगी वरना यह तकनीकी अभिशाप भी बन सकती है। अपने स्पीच में, डॉ शर्मा ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि यद्यपि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में विभिन्न क्षेत्रों में क्रांति लाने की अपार क्षमता है, परंतु इसके अनियंत्रित और अनैतिक उपयोग से मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम होता है। उन्होंने कहा कि एआई के लाभों का दोहन करने में एक "जिम्मेदार और मानवीय रवैया" सर्वोपरि होगा तभी इन सभी तकनीक यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भविष्य की पीढ़ियों के लिए "शाप" के बजाय "वरदान" में बदला जा सकता है। डॉ शर्मा ने आगे एआई प्रौद्योगिकियों के विकास और कार्यान्वयन को संचालित करने के लिए एक मजबूत "वैश्विक नियामक ढांचा और कानून"बनाने के लिए सभी का आह्वान किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शोभसर,**

**पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)**

क्रमाक- ग्रापशोभासर / खुली निविदा / 2024-25/230-237 दिनांक- 22.03.2025

**खुली निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है इस कार्यालय मे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक मैन विथ मशीन (कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक) की सेवाओं की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायत राज अधिनियम 1996 के नियमों के तहत सक्षम प्राधिकारी के अधीन राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 वस्तु एवं सेवा कर (त्स्ज्ञ) आयकर (पेन नम्बर) राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932 के अंतर्गत पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेन्सी / संवेदक / फर्मों से खुली बोली अनुबन्ध दिनांक से आगामी एक वर्ष के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस एव कार्यालय समय में आकर निर्धारित फीस जमा करवा कर प्राप्त किये जा सकेगे निम्नलिखित प्रकार से खुली बोली (तकनिकी वाणिज्यक / क्वालीफाइंग बिड व वितिय / प्राईस बिड) आमंत्रित की जाती है

| क.सं. | विवरण | अनुमानित लागत रू मे | बोली प्रतिभूमि राशि (रू में) | बोली प्रपत्र शुल्क राशि (रूपये) में | निविदा प्रपत्र विक्रय डाउनलोड करने की प्रारम्भ दिनांक एवं समय | निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा ( तकनिकी / वाणिज्यक) खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचायत शोभासर मे एक मैन विथ मशीन ( कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक) की सेवाओं की आपूर्ति | 120000 | 2400 | 200 | 22.03.2025 को सायं 05.00 बजे से | 01.04.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | 01.04.2025 दोपहर 1.00 बजे तक |

**नियम व शर्ते-**

1. खुली बोली आमन्त्रण सूचना का विस्तृत विवरण मय बोली दस्तावेज वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
2. खुली बोली प्रतिभूति राशि एवं ई-बोली प्रपत्र शुल्क राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट / बैकर्स चैक प्रशासक ग्राम पंचायत शोभासर के नाम से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर कार्यालय ग्राम पंचायत शोभासर मे दिनांक 01.01.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करवाना होगा।
3. एमएसएमई पंजीकृत फर्मों को धरोहर राशि अनुमानित लागत की 0.5 प्रतिशत जमा करवाने की छुट प्राप्त होगी ।
4. खुली बोली (तकनिकी वाणिज्यक / क्वालिफाईग बिड) दिनांक 01.01.2025 को दोपहर 01.00 बजे कार्यालय पंचायत ग्राम पंचायत शोभासर या कार्यालय पंचायत समिति सुजानगढ में उपस्थित निविदाता / संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी ।
5. खुली बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने या निविदा को निरस्त करने का अधिकार उपापन समिति के पास सुरक्षित है ।

प्रशासक
ग्राम पंचायत शोभासर

NIB NO:- ZCR2425A1031
UBN. IS:- ZCR2425SSRC01915

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत शोभासर

# 130 फीट गहरे कुएं में गिरे बकरी के बच्चे को चार दिन बाद सुरक्षित बाहर निकाला



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा कस्बे के वार्ड नंबर तीन स्थित डूमरा की ढाणी में बीते चार दिनों से लापता बकरी का बच्चा 130 फीट गहरे कुएं में जीवित मिला। परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में क्रेन मशीन का उपयोग किया गया, जिसे परिजनों ने अपने खर्चे पर बुलवाया था।

### बकरी की आवाज से चला बच्चे का पता

करीब चार दिन पहले रणजीत सांसी की बकरी का बच्चा अचानक गायब हो गया था। परिजन और ग्रामीण लगातार उसे ढूंढ रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। परिवार वालों ने अनुमान लगाया था कि कोई जंगली जानवर उसे उठा ले गया होगा या फिर वह कहीं भटक गया होगा। सुबह रणजीत सांसी की बकरी घूमते-घूमते एक पुराने कुएं के पास जा पहुंची। जब वह वहां रुकी और अपनी खास आवाज में बोलने लगी, तो परिजन भी संदेहवश कुएं के पास पहुंचे। जैसे ही उन्होंने बकरी की आवाज सुनी, वैसे ही कुएं के अंदर से भी बकरी के बच्चे की कमजोर आवाज आई। यह सुनते ही परिजनों और आसपास के लोगों को यकीन हो गया कि बकरी का बच्चा कुएं के अंदर फंसा हुआ है। बकरी के बच्चे की आवाज सुनते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सभी ने मिलकर उसे बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। परिजनों ने तुरंत क्रेन मशीन बुलवाई और वार्ड के ही युवक सुरेश को कुएं के अंदर उतारा गया। सुरेश को रस्सियों और क्रेन के सहारे नीचे भेजा गया, जिससे वह बकरी के बच्चे तक पहुंच सके। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। कुएं के ऊपर रखा लकड़ी का डंडा, जिससे क्रेन की रस्सी को सहारा दिया गया था, अचानक टूट गया। यह देखकर वहां मौजूद लोग घबरा गए, लेकिन सभी ने सूझबूझ से काम लिया। ग्रामीणों ने क्रेन के वायर को मजबूती से पकड़ लिया, जिससे कोई अनहोनी न हो। इसके तुरंत बाद एक नया और मजबूत लकड़ी का डंडा लगाया गया, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहे। 2 घंटे के प्रयास के बाद सफल हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन करीब 2 घंटे तक चला। इस मुश्किल रेस्क्यू ऑपरेशन में सुरेश बिल्ला ने बड़ी सावधानी से बकरी के बच्चे को अपने साथ ऊपर लाने में सफलता पाई। जैसे ही बकरी के बच्चे को कुएं से बाहर निकाला गया, वहां मौजूद ग्रामीणों और परिजनों ने राहत की सांस ली। बच्चे को सुरक्षित देख लोगों के चेहरे पर खुशी लौट आई। परिजनों ने तुरंत बकरी के बच्चे की जांच की और उसे गर्म कपड़े में लपेटा। चार दिन तक कुएं में फंसे रहने के बावजूद वह जीवित था, हालांकि वह काफी कमजोर हो गया था। परिजनों ने बताया कि वे अब उसकी विशेष देखभाल करेंगे, जिससे वह जल्दी स्वस्थ हो सके। बकरी के बच्चे का इस तरह कुएं से सुरक्षित बाहर निकलना पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गया। ग्रामीणों ने सुरेश की बहादुरी और सूझबूझ की जमकर तारीफ की। वहीं, रणजीत सांसी और उनके परिवार ने राहत महसूस करते हुए सभी का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस रेस्क्यू ऑपरेशन में सहयोग दिया।

## विप्र सेना महिला मोर्चा ने मनाया गणगौर महोत्सव



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** विप्र सेना लक्ष्मणगढ़ महिला मोर्चा की ओर से गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीमा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महिलाओं की ओर से ईशर गणगौर का पूजन-अर्चन की गई। कार्यक्रम में विप्र सेना महिला मोर्चा अध्यक्षा अरुणा पाराशर, सीमा शर्मा, अरुणा शर्मा, ममता शर्मा सहित वक्ताओं ने विप्र सेना महिला मोर्चा की ओर से गत वर्ष किए गए कार्य व आगे की कार्यों की रुपरेखा के बारे में जानकारी दी व महिला मोर्चा के सभी सदस्यों को आगामी कार्यक्रमों में सार्थक भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में गायन प्रतियोगिता, लकी ड्रा व सभी महिलाओं की ओर से मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। वीणा शर्मा ने फूल व गुलदस्ता देकर सभी का स्वागत किया। इस मौके पर विप्र सेना महिला मोर्चा लक्ष्मणगढ़ की सुमन खंडेलवाल , डा. प्रियंका ढंड, लक्ष्मी गौतम, रंजीता शर्मा, गायत्री शर्मा, भारती शर्मा,अमृता शर्मा, संगीता शर्मा, हेमलता, अनिता शर्मा, नीलम शर्मा, विनीता शर्मा, गंगा शर्मा, किरण शर्मा, मोनिका शर्मा, कुसुम ढंड व विप्र समाज की महिलाएं मौजूद रही।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर समिति ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पूर्व सैनिक वेल्फेयर समिति, लक्ष्मणगढ़ के पूर्व सैनिकों ने कैप्टेन शिवराम ख्यालिया के नेतृत्व में राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर, सीकर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने सीकर यातायात प्रभारी उप निरीक्षक सुभाष चंद्र राड़ की कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और वर्दी के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना करते हुए उनकी सेवा अवधि कम से कम 2 वर्ष बढ़ाने की मांग की। पूर्व सैनिकों ने उनकी ओर से सीकर में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री से उनके सेवा विस्तार का अनुरोध किया। इस अवसर पर कैप्टन शिवराम सिंह ख्यालिया, सूबेदार मेजर घीसाराम ख्यालिया, सूबेदार दान सिंह, सूबेदार समुद्र सिंह, सूबेदार श्रवण कुमार, सूबेदार गोपाल सिंह, सूबेदार जगेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** राजस्थान स्थापना दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में 25 मार्च को बाडमेर के आदर्श स्टेडियम में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला स्तरीय समारोह जिला कलक्टर रामावतार मीणा के मुख्य आतिथ्य में सूचना केन्द्र सभागार में आयोजित किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि इस दौरा उच्च शिक्षा विभाग की कालीबाई भील योजना के अन्तर्गत बालिकाओं को स्कूटी वितरण, लाडो प्रोत्साहन योजना का डीबीटी वितरण, अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने, बर्तन बैंक योजना, सोलर दीदी, महिला समूहों को सीआईएफ राशि का हस्तांतरण, इंडेक्शन कुक टाप का वितरण, महिला महाविद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए पुस्तकालय/रीडिंग रूम उपलब्ध कराने, विवेकानंद स्कॉलरशिप के चयन पत्रों का वितरण, महिलाओं को रसोई गैस सब्सिडी का वितरण किया जाएगा।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में राजस्थान दिवस पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में सप्ताहभर विभिन्न विभागों की ओर से अनेक गतिविधियों को आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे समय रहते कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने 30 मार्च को राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्य सड़कों व भवनों पर रोशनी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने पेयजल, विद्युत आपूर्ति और मौसमी बीमारियों की स्थिति का जायजा लिया। नगरीय निकायों के लंबित बिजली बिलों के भुगतान को लेकर जिला कलक्टर ने निर्देश जारी किए। बैठक में एडीएम अजय कुमार आर्य, सांख्यिकी विभाग की सहायक निदेशक पूनम कटेवा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनसूईया, सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल पूनिया, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ सुरेश सुरा, उद्योग विभाग के प्रबंधक अभिषेक चौपदार, महिला व बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौड़ सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## *जेसीबी व कैम्परों से दलित का मकान तोड़ने के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन*



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** एक गरीब दलित की पुस्तैनी भूमि को सत्ता के सहयोग से दबंग व प्रभावशाली लोगों की ओर से हड़?पने के विरोध में आमरण अनशन झुंझुनू टोढी गाँव में पुश्तैनी भूमि पर जबरन कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर पर अनशन पर 19 मार्च से रोशनलाल मेघवाल व उनका परिवार भूख हड़ताल पर बैठे है। उस दौरान रोशनलाल का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है। उन्हें डॉक्टरों की सलाह पर बीडीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

इस दौरान रोशनलाल और राजेश देवी को न्याय दिलाने के लिए पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि जल्द ही अगर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। वही पुलिस प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। जन सेवक रवि मेघवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष बंशीधर भीमसहरीया और भीम आर्मी विकास अधिकारी जिला अध्यक्ष विकास ओला, आदि मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर से सात माँगो की पेशकश की जिनमें गुढ़ा थाना पूरा का पूरा बर्खास्त हो, अपराधियों को अरेस्ट करो, राजेश देवी को अपने स्थान पर जगह दे, जिस गाड़ियों में और जेसीबी ने मकान तोडे उनको जब्त किया जाए, जितना भी नुकसान हुआ, उसका मुआवजा दिलाए,पीड़ित परिवार को आने वाले 6 महिने तक खतरा है, इसलिए इनको सुरक्षा दिलाने की मांग की गई है।

## गुरुकुल के बच्चों को किया जागरूक, कल के लिए आज करें पानी बचत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत शहर के श्री सप्तरिषी वेद वेदांग ऋषिकुल ब्रह्मचार्याश्रम में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम में गुरुकुल के छात्रों को सरकार की ओर से चलाई जा रही लाभकारी विकास परियोजना के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक विकास अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि गुरुकुल में जल बचाने के लिए, पानी के रिसाव को तुरंत ठीक करने, नहाने के लिए बाल्टी का प्रयोग करने, ब्रश करते समय नल बंद रखने, पौधों को पानी देने के लिए ड्रिप इरिगेशन का उपयोग करने, गुरुकुल में पानी के रिसाव को तुरंत ठीक करने सहित रिसाव से बहुत सारा पानी बर्बाद हो सकता है। नहाने के लिए बाल्टी का प्रयोग करें, बाल्टी में पानी भरकर स्नान करें, इससे पानी की बचत होगी। ब्रश करते समय नल बंद रखें और केवल पानी भरने के लिए ही खोलें, पौधों को पानी देने के लिए ड्रिप इरिगेशन का उपयोग करें, ड्रिप इरिगेशन से पानी की बचत होती है और पौधों को सही मात्रा में पानी मिलता है। वर्षा जल को इकट्ठा करने के लिए वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करें। पानी के नलों को इस्तेमाल करने के बाद बंद रखें। शौचालय को अनावश्यक रूप से फ्लश करने से बचे। ऐसी छोटी छोटी आदतों के बारे में बताया ताकि गुरुकुल में वेदों के साथ साथ पानी बचाने कि सीख मिले। गुरुकुल के अध्यक्ष मुरलीधर शर्मा ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला व आरयूआईडीपी की ओर से इस तरह की पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को इस तरह जल के प्रति जागरूक करने से छोटी उम्र से ही बच्चों में का जल संरक्षण की भावना आएगी। सोशल आउटरीच टीम से पवन सिंह तथा गुरुकुल परिवार से प्रधानाचार्य दिनेश चंद उपाध्याय, वेदाध्यापक रामदेव, राहुल, पंकज, विनोद, बलदेव कुमार, मदनलाल ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

## ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 3 अप्रैल को

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** जन भावना के अनुरूप पारदर्शी व संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदना/समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके तहत जिले में ग्राम पंचायत, उपखण्ड व जिला स्तर पर जनसुनवाई की जाएगी। जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि अप्रेल माह में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 3 अप्रेल को, अटल जन सेवा शिविर 15 अप्रेल को, वहीं जिला स्तरीय जनसुनवाई 17 अप्रेल को आयोजित होगी, पिलानी व सिंघाना ब्लॉक में अटल जन सेवा शिविर 16 अप्रेल को आयोजित किया जाएगा।

## मुसीबत में काम आने वाला ही सच्चा मित्र:संजय कृष्ण शास्त्री



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शहर के निकटवर्ती गाँव चूड़ी अजीतगढ़ में स्थित श्री जमवाय माता मंदिर में चल रही सप्त दिवसीय श्री मद् भागवत कथा के सातवें दिन व्यास पीठ पर विराजमान पं. संजय कृष्ण शास्त्री ने सैकड़ों श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की मुसीबत में काम आने वाला ही सच्चा मित्र होता हैं। इस अवसर पर कथा पूर्णाहुति पर भव्य यज्ञ भी हुआ। यज्ञ में विक्रम सिंह, हेमसिंह, किरणपाल सिंह शेखावत, पवन टेलर अध्यापक, शेर सिंह सहित सपत्नीक लोगों ने आहुति दी। इस अवसर पर हरिप्रसाद टेलर, विनोद चोटिया रावण सरकार, संतोष पोलीवाला, गोपाल सिंह एसआई , भागीरथ सिंह, अनिल मुरारी शर्मा, दिलिप सिंह शेखावत, सत्यनारायण राठौड़, कजोड़मल कुल्हरी, सुदर्शन सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृष्ण सुदामा की संजीवन झांकी भी सजाई गई।

## महात्मा ज्योतिबा फुले और अम्बेडकर की जयंती पर रैली को लेकर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को सैनी मंदिर, झुंझुनूं में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशाल वाहन रैली सैनी मंदिर झुंझुनूं से अम्बेडकर पार्क तक जाएगी। संस्था के संरक्षक मुरारी सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें गरीबों और पिछड़ों की आवाज उठाने वाले महापुरुषों की जयंती संयुक्त रूप से मनानी चाहिए, क्योंकि इन दोनों महान व्यक्तित्व ने आधुनिक भारत की नींव रखने में अहम योगदान दिया है। जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने माली जनचेतना महारैली की तर्ज पर गांव-गांव और ढाणी ढाणी समाज के अंतिम छोर तक इन महात्माओं के संदेश को पहुंचाने पर जोर दिया और वाहन रैली को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। संस्था के विधि सलाहकार होशियार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में वही समाज मजबूत होता है, जो समय-समय पर अपनी आवाज उठाता रहता है। महापुरुषों ने अपना पूरा जीवन समाज की भलाई में समर्पित किया, हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर उनके संदेशों को आम जन तक पहुंचाना है। इस मौके पर महामंत्री रतनलाल सैनी, माली सैनी समाज संस्था के संगठन मंत्री महेन्द्र सैनी, भामाशाह व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सैनी, पंचायत समिति सदस्य दिनेश कायस्थपुरा, सोशल मीडिया प्रभारी सचिन सैनी, सोशल मीडिया कोर्डिनेटर अमित सैनी, संस्था के झुंझुनूं ब्लॉक संयोजक संदीप सैनी, संगठन मंत्री किशनलाल सैनी, सत्यनारायण हलकारा, कैलाश सैनी पीडब्ल्यूडी, मीडिया प्रभारी नरेश बगड़, राहुल सैनी डूंडलोद सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना है।

## जेसीबी मशीन व कैम्पर गाड़ियों से तोड़फोड़ करने के प्रकरण में 9 आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** पुलिस ने जेबीसी और कैम्पर गाड़ियों में आकर तोड़फोड़ करने और मारपीट के 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना गुढ़ागौडजी पर 7 मार्च को को परिवादी रोशन पुत्र तेजपाल मेघवाल निवासी टोडी थाना गुढ़ागौडजी जिला झुन्झुनू ने रिपोर्ट पेश की थी कि प्रार्थी ग्राम टोडी का स्थाई निवासी है। जहां पर उसकी खातेदारी भुमि अवस्थित है जिसमें उसके 2 टिन शेड बनाकर रहवास करता है तउक्त भूमि पर वाहन रिपेरिंग का कार्य करता है। 5 मार्च को रात्रि करीब 8 बजे लगभग की घटना है कि प्रार्थी आवश्यक कार्यवश घर से बाहर गया हुआ था। घर पर 1 बेटी व 2 पुत्र बहन माया देवी थी और उक्त बाड़े में 3 स्टीम कार, मारुति 800 कार, 1 मारूति जैन 1 बुलोरो कार, 1 कमाण्डर खड़ी हुई थी। उसी समय एक राय होकर 7-8 कैम्परो में सवार होकर कैलाश डुडी, जयकरण डुडी, पुत्र गणपत, विकास फौजी जाखल, विनोद चौधरी जिला परिषद सदस्य और अन्य करीब 40-50 व्यक्ति जातिसूचक गालिया निकालते हुए आए और आते ही प्रार्थी के बाडे के गेट को कैम्पर से टक्कर मारकर तोड दिया जिसमे बाद पीछे से जेसीबी. को लेकर आए और आते ही प्रार्थी के उक्त रहवासी टीनशेड को तोड दिया और वहा पर खड़ी उक्त गाडियो को तोडकर क्षतिग्रस्त करके प्रार्थी को करीबन 10 लाख रूपये का नुकसान कर दिया जिस पर प्रार्थी की बहन अपने घर ते बहार आई तो उस पर गाडी चढ़ाकर उसे मारने की कोशिश की जिसके कारण उसने उक्त स्थल से भागकर अपनी जान बचाई और जाते समय उक्त व्यक्ति जल्दी ही जान से मारने की धमकी देकर गए है। इत्यादी रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान प्रारंभ किया।

## आंगनबाड़ी केंद्र के लाभार्थियों का होगा आधार सत्यापन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** महिला व बाल विकास के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र की सेवाएं लेने के लिए लाभार्थियों का फेस रिकॉग्निशन और आधार सत्यापन होगा। महिला व बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बिजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्र की सेवाएं जैसे पोषाहार आदि लेने के लिए सभी लाभार्थी का आधार सत्यापन होगा। इसके लिए आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता की ओर से पोषण ट्रैकर एप में लाभार्थी की फोटो अपलोड की जाएगी और आधार सत्यापन के लिए ई केवाईसी किया जाएगा।

**नगर परिषद सुजानगढ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/सफाई शाखा/2025/7584 दिनांक :– 21.03.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 28.03.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 28.03.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– (DLB2425WSOB21901), (DLB2425WSOB21902), (DLB2425WSOB21903), (DLB2425WSOB21904), (DLB2425WSOB21907), (DLB2425WSOB21908), (DLB2425WSOB21909), (DLB2425WSOB21910), (DLB2425WSOB21911), (DLB2425WSOB21912), (DLB2425WSOB21913), (DLB2425WSOB21914) कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/24/13822

**नगर परिषद सुजानगढ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/सफाई शाखा/2025/8049 दिनांक :– 21.03.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 01.04.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 01.04.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– (DLB2425WSOB21919), (DLB2425WSOB21920), (DLB2425WSOB21921), (DLB2425WSOB21923), (DLB2425WSOB21924), (DLB2425WSOB21925) कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/24/13821

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
25 मार्च, 2025

## भागवत कथा में अनेक प्रसंगों का वर्णन



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** गाँव गुडावडी स्थित श्री श्याम मंदिर चल रही भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक दिनेश गिरी महाराज ने भागवत कथा के अनेक प्रसंगों का वर्णन किया। भगवान कृष्ण का संदीपन मुनि के आश्रम में जाकर शिक्षा ग्रहण करना, उन्होंने गुरू शिष्य की परम्परा के बारे में बताते हुए कहा कि दुनिया का सबसे बडा गुरू मां है जो शिक्षा मां देती है उसका जीवन भर प्रभाव रहता है इसलिए माता पिता की सेवा हमेशा जीवन में करनी चाहिए। भगवान उसका प्रसाद भी ग्रहण नहीं करते हैं जो मां की सेवा नहीं करता है। उद्धव संवाद का शानदार वर्णन करते हुए कहा कि ज्ञान से बडा प्रेम है...वो ज्ञानी अधूरा है जिसमें प्रेम नहीं है। महाराज ने भगवान रुक्मणी विवाह का शानदार वर्णन किया। महाराज ने विवाह को दो आत्माओं को सच मिलन बताया। उन्होने कहा कि आज जिस तरह से विवाह जैसी धार्मिक रीति रिवाज का जो मजाक बनाया जा रहा है वो बहुत गलत है। कथा स्थल पर भगवान कृष्ण मां रूक्मणी विवाह की शानदार झांकी सजायी गई। कथा स्थल पर दक्षवीर पुजारी, खेमाराम मेघवाल, भंवरलाल ढुकिया, दानाराम मेघवाल, जगदीश चोटिया,नागरमल पुजारी, महेंद्र ढुकिया, पालाराम शर्मा, शिशपाल प्रजापत, शुनिल पोद्दार, ओमप्रकाश पुजारी, रामोतार शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, महावीर सिंह गुडावडी, नरेंद्र शर्मा सहित अनेक लोगों ने व्यासपीठ पर आरती की। भागवत कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण व रुकमनी के विवाह की झांकी सजाई गई।

## मारपीट के मामले मे दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में फरार दो आरोपियों को सोमवार राजलदेसर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया आरोपी हनुमान सुथार पुत्र तुलछाराम सुथार निवासी राजलदेसर व कैलाश सुथार पुत्र तुलछाराम सुथार निवासी राजलदेसर को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हनुमान ने 2022 में राजलदेसर निवासी धनराज जाट के साथ मारपीट की थी। और आरोपी कैलाश ने 2023 में राजलदेसर निवासी विष्णु के साथ मारपीट की थी। घटना के बाद से दोनो आरोपी फरार चल रहे थे जिनको राजलदेसर पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है।

## नंदीशाला में ट्यूबवैल निर्माण शुरू

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** स्वामी श्रीसदानंद प्रणायी गो सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट फतेहाबाद के आर्थिक सहयोग से शहर की नंदीशाला में ट्यूबवैल का निर्माण कार्य सोमवार से शुरू किया गया है। पंडित श्रीराघव चनणिया के आचार्यत्व में रामकिशन आसोपा, लक्ष्मी नारायण बण सिया, अंजनी चोटिया, दिनेश लाहोटी की ओर से पूजा-अर्चना कर ट्यूबवैल निर्माण का कार्य शुरू किया। इस अवसर पर महेश सीमार, सांवरमल तोषावड़, मनोज जोशी, पवन पचलंगिया, अजय गार्गी, दीपक भुखरेड़िया, नंदलाल प्रजापत, रविप्रकाश इंदौरिया, देवकीनंदन सोनी सहित कई लोग उपस्थित रहे। समिति के मंत्री अंजनीकुमार चोटिया ने बताया कि स्वामी श्रीसदानंद की ओर से लगभग चार लाख रुपए का सहयोग प्रदान कर नंदीशाला में पानी व बिजली की समस्या का समाधान करवाया गया है। इससे पूर्व स्वामी ने पिंजरापोल गोशाला में एक चारागृह का निर्माण करवाया था, जिस पर भी लगभग सात लाख रुपए की राशि खर्च हुई थी।

## शोभायात्रा आयोजन समिति की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** श्रीराम नवमी शोभा यात्रा को लेकर तारानगर के बंका धर्मशाला में सोमवार को समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें भव्य शोभायात्रा के आयोजन की चर्चा हुई। हिन्दू नववर्ष से लेकर रामनवमी तक शहर के मुख्य मार्ग व मंदिरो मे सजावट व दीप प्रज्वलन के कार्यक्रम तय हुए। आयोजन समिति बनायी गयी जिसमे अरुण दाधीच, अंजनी अग्रवाल, लीलाधर मित्तल, अरविन्द कासनिया, श्यामसुंदर सोनी, राकेश शर्मा, विजय खंडेलवाल, मनोज पंवार व इंद्रसिंह शेखावत सहित उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ता के समय का समर्पण ही कार्य की सफलता की बुनियाद है: स्वामी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में श्री राम जन्मोत्सव आयोजन समिति की ओर से आदर्श विद्या मंदिर जीनगर भवन में आयोजित कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते हुए समिति के प्रचार प्रमुख संदीप स्वामी ने कहा कि प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव की शोभायात्रा यात्रा हर वर्ष अपनी भव्यता में उत्तरोत्तर वृद्धि कर रही है जो इसके सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और त्याग का परिणाम है। एक कार्यकर्ता अपने दैनिक समय से अमूल्य समय का समर्पण कर ही एक उत्कृष्ट कार्यकर्ता बनता है और यही कार्य की सफलता की बुनियाद है। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ प्रभु श्री रामलला के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन और श्रीराम स्तुति के गायन से किया गया। यात्रा संयोजक सुरेश वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण



वर्ग में नवदीप पारीक को पूर्वी बस्ती क्षेत्र संयोजक और अभिलाष चौहान को पश्चिमी बस्ती क्षेत्र संयोजक के नवीन दायित्व की घोषणा की गई। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को शोभायात्रा के विभिन्न दायित्वों और कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए समिति के वरिष्ठ सदस्य सुभाष सोनगरा ने बताया कि हम सभी कार्यकर्ता इस शोभायात्रा के आयोजनकर्ता इस नाते हम सभी के जिम्मे कुछ न कुछ व्यवस्थाएं और कार्य हमारे दायित्व के साथ जुड़ा है। इसलिए हम शोभायात्रा में उपस्थित जन समूह की तरह अपने उत्साह और उल्लास को प्रकट नहीं कर पाते है। इसलिए शोभायात्रा की भव्यता और दिव्यता के साथ इसके सफल आयोजन की आत्मसंतुष्टि ही सभी कार्यकर्ताओं को आनंदित करने वाली होती है। प्रशिक्षण वर्ग में समिति उपाध्यक्ष डॉ बनवारी लाल शर्मा, राकेश इंदोरिया, रामकिशन प्रजापत, विनीता शर्मा, जयश्री वर्मा, शिल्पा मुंदड़ा, बबिता सोनी, विनोद जाट, दिनेश गुर्जर, कृष्ण पाराशर, गणेश जोशी, सुनील भोजक, अमित जोशी, अभिषेक बारवासा, धर्मचंद जाट, चिरंजी लाल पारीक, अजित वर्मा, राहुल सोनी, सुनील सोनगरा, मुकेश स्वामी, दिनेश कुमार सैनी, हरिनारायण जाखड़, विक्रम जोशी, सुमित झाँकल, राकेश सैनी, सतीश कुमार, अमित वर्मा, लोकेश जांगिड़, लोकेन्द्र सिंह सहित सभी प्रमुख कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित रहें।

## शहादत दिवस पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड की ग्राम पंचायत मुख्यालय सावर में भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह नव युवक मंडल संस्थान सावर की ओर से शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के 94 वें शहादत दिवस के उपलक्ष में एक शाम शहिदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत की सरपंच मोनिका कंवर की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि, कामरेड मंगेज चौधरी ने वीर शहीदों के बलिदान पर भावपूर्ण भाषण दिया। उन्होंने कहा कि इन वीर शहीदों ने देश के लिए लड़ाई लड़ी और आज हम उन्हें उसी श्रद्धा और मान-सम्मान से याद करते हैं। जब आम आदमी भी भगत सिंह बनकर संघर्ष करेगा तभी किसान, मजदूर और जवान सशक्त बनकर देश की सेवा में आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश भी दिया गया। मुख्य अतिथि ने उल्लेख किया कि देश के किसान मजदूरों को कमजोर करने में कुछ राजनीतिक दलों की नीतियाँ खतरनाक साबित हो रही हैं। जिनमें किसानों को कर्ज में डूबोया जा रहा है। जबकि पूंजीपति हितधारकों को सरकार का लाभ मिल रहा है। विशिष्ठ अतिथि ओबीसी आरक्षण प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, जिला परिषद सदस्य श्योकरण पोटलिया, अंबेडकर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरीराम शिल्ला, पल्लू से दिलीप भारद्वाज, कॉमरेड रामकृष्ण छींपा, पंचायत समिति सदस्य विनोद देवी, कोऑपरेटिव सोसाइटी




के अध्यक्ष रामेश्वर लाल सिहाग आदि ने विचार व्यक्त करते हुए सभी को भगत सिंह के बताए हुए रास्ते पर चलने की बात कहीं। कार्यक्रम में अभिचेतना कल्चर एकेडमी की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। जिससे माहौल में देशभक्ति की भावना और भी प्रबल हो उठी। कार्यक्रम का आयोजन शहिद भगतसिंह नवयुवक मंडल संस्थान सावर ने किया था। संस्थान के अध्यक्ष जयनारायण कड़वासरा, मुख्य प्रवक्ता सांवरमल मेघवाल, कोषाध्यक्ष सुभाष सेन, सचिव ओम प्रकाश स्वामी, बलवीर भारती, राकेश सिहाग, देवीलाल, शंकर लाल आदि ने पिछले वर्षों में गांव के विकास कार्य व सामाजिक गतिविधियों में संस्थान की भागीदारी पर प्रकाश डाला। इन सभी सदस्यों की ओर से गांव में किए गए विकास कार्य एवं सामाजिक कार्यक्रमों की जानकारी ग्रामीणों को विस्तार से दी गई। इसी प्रकार कार्यक्रम के समापन पर उन सभी समाजसेवकों और गांव के अग्रणी व्यक्तियों को मंच पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। जिन्होंने सामाजिक सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जैसे कि मृत्यु भोज, दहेज प्रथा जैसी चुनौतियों के खिलाफ लड़ाई में मुख्य भूमिका निभाई है। इस भव्य आयोजन में न केवल वीर शहीदों के बलिदान को याद किया बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के हित में जागरूकता एवं एकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष जय नारायण कड़वासरा और मुख्य प्रवक्ता सांवरमल मेघवाल ने किया।

## राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन में महाविद्यालय की दो छात्राओं का चयन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय की दो छात्राओं का अंतर विश्वविद्यालयी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयन हुआ है। छात्रा दीपिका शर्मा एवं पायल सेवदा महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से आयोजित राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता में तमिलनाडु के कराईकुड़ी स्थित अलगप्पा विश्वविद्यालय में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। गौरतलब है कि महाविद्यालय की बाल बैडमिंटन टीम ने अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिता जो पल्लू में आयोजित हुई उसमें भी उपविजेता रही और टीम का अच्छा प्रदर्शन रहा। इन छात्राओं को महाविद्यालय से राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो कविता शर्मा, वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो एमए खान, शेर सिंह, भवानी शंकर, राजकुमार झाकल, लालचंद मीणा व महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अनुदेशक डॉ प्रभाकर दीक्षित, सेवानिवृत्त शिक्षक लादूराम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## श्रीराम जन्मभूमि कथा का आयोजन, कारसेवकों का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत और सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में टांटिया कुंआ स्थित श्रीराम मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य दीनानाथ रूंथला रहे। रूंथला ने श्रीराम मंदिर के 500 वर्षों के संघर्ष की कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि बाबर के सेनापति मीरबाकी ने सम्राट विक्रमादित्य की ओर से निर्मित राम मंदिर को खंडित किया था। लाखों कारसेवकों ने अन्याय के प्रतीक इस ढांचे को हटाकर भव्य राम मंदिर की नींव रखी। कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि कथा की प्रस्तुति राजस्थानी भाषा में दी गई। शंकरलाल औझा ने ढोलक पर संगत की। वक्ताओं को दुपट्टा, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दिवंगत कारसेवकों के परिवारों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ महेश शर्मा ने किया। इस मौके पर राजस्थान के पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में कनकमल दूगड़, संत सुईनाथ, राधेश्याम शर्मा, सुखाराम पारीक समेत सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

## राजस्थानी आधुनिक कविता में नवाचारों का स्वागत करें: कच्छावा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान सरकार के जवाहर कला केंद्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विजयदान देथा साहित्य उत्सव के '' राजस्थानी री नुंवी कविता विषयक ओम पुरोहित कागद " सत्र में बोलते हुए साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि राजस्थानी आधुनिक कविता में हो रहे नवाचारों का स्वागत करना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक विविध साहित्यिक विधाओं से राजस्थानी भाषा में सृजन हो सके। उन्होंने राजस्थानी कविता में उनके प्रयोगों पर पूछे गये सवाल के जवाब में बताया कि पढ़ने का अभ्यास छूट सा गया है। अत: अब ऐसी रचनाएं रचने की आवश्यकता है, जिनको पढ़ने में कुछ सैकेण्ड खर्च होता है, मगर उसका प्रभाव घंटो पाठक के मन - मस्तिष्क पर रहता हैं। डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने अपने हाइकु, तांका, चोअखरी, पिरामिड कविता, सेदोका, लघु कविता और गद्य कविताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि कम से कम शब्दों में अपने भावों की अभिव्यक्ति देनी




चाहिए। काव्य रचनाओं के अनावश्यक विस्तार से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि छंद मुक्त कविता में भी एक आंतरिक लय होती हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा के लिए जो जैसे काम कर रहा है, उसको प्रोत्साहित करना चाहिए। समूह चर्चा में डॉ .घनश्याम नाथ कच्छावा के साथ वरिष्ठ साहित्यकार रवि पुरोहित, मोनिका गौड़ और डॉ. मदन गोपाल लढ़ा ने भी राजस्थानी की नई कविता पर महत्वपूर्ण बात रखी। इस अवसर पर डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा का जवाहर कला केंद्र की ओर से दुपट्टा, प्रतीक चिन्ह और साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया।

## 110 मेधावी छात्र- छात्राओं को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में सोमवार को जनवरी माह में आयोजित आयोजित टैलेन्ट हंट-2025 प्रतियोगिता में 80% से अधिक अंक लाने वाले 110 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया और 20 लाख रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्था निदेशक डॉ. प्रताप सिंह सिहाग ने बताया कि जनवरी माह में आयोजित आयोजित टैलेन्ट हंट-2025 प्रतियोगिता में कस्बे के आस पास के गांवों से कक्षा 01 से 11 तक के 3000 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया था और इन बच्चों को हमारे विद्यालय में एडमिशन लेने पर से 95% से अधिक अंक प्राप्त करने 50 % छात्रवृति, 90 % से अधिक आने पर 40 % छात्रवृति, 80% से अधिक आने पर 30% छात्रवृति, 70% से अधिक अंक आने पर 35% छात्रवृति प्रदान की जाएगी। संस्था अध्यक्ष इंजी नवीन सिंहाग ने बताया संस्था की ओर से समय समय पर ऐसे आयोजन किये जाते है जिनसे बच्चों का मानसिक, शारीरिक विकास हो सके। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## पशुपालन कार्मिकों पर की गई दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से पशुपालन विभाग में कार्मिकों पर की गई दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि पशुपालन विभाग में कुछ अव्यावहारिक नवाचारों के कारण विगत 6 माह से भय का वातावरण बना हुआ है जिससे विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है शासन की ओर से मोबाइल ऐप के माध्यम से दैनिक उपस्थिति दर्ज करवाने का अव्यवहारिक व अतार्किक निर्णय लिया गया था। विभाग में ऑनलाइन उपस्थिति के नाम पर कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाहियां की जा रही है। मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन दैनिक उपस्थिति दर्ज करवाने के संबंध में प्रकरण उच्च न्यायालय जोधपुर में विचाराधीन है। महासंघ के जिला महामंत्री फूलेसिंह बुरड़क ने बताया कि शासन की ओर से बलपूर्वक उक्त व्यवस्था को लागू करने के उद्देश्य से विभाग के लगभग 30 निर्दोष कार्मिकों को अकारण निलंबित कर विभाग में तनाव उत्पन्न कर दिया व महिला पशुधन निरीक्षकों को वीडियो कॉल के माध्यम से उपस्थिति के लिए विवश किया जा रहा है जो



महिलाओं की निजता पर हमला है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ महासंघ का प्रमुख घटक संगठन है, व्यावहारिक नवाचारों के कारण पशुपालन विभाग के निर्दोष कार्मिकों पर हो रही दमनात्मक कार्यवाही को महासंघ बर्दाश्त नहीं कर सकता। जिलाध्यक्ष चारण ने बताया कि अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश व्यापी आह्वान पर निर्णय लिया गया है कि दो दिवस में पशुपालन विभाग के निर्दोष कार्मिकों के निलंबन बहाली तथा दोषी अधिकारियों पर ठोस अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो आगामी 26 मार्च 2025 से फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में समस्त ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदेही राज्य सरकार की होगी। ज्ञापन देने के अवसर पर सहायक विकास अधिकारी संघ से रंजीत स्वामी, महावीर स्वामी, निवास माली, पशुपालन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र महला, भंवरलाल डूडी, प्रवीण कुमार, बाबूराम, रोहिताश, घनश्याम गोदारा, रवि प्रजापत, जयपाल सिंह, सहदेव सिंह, सुभाष चंद्र सहारण, बोदूराम सैनी, मुकेश कुमार, सत्यनारायण व्यास, प्रमोद शर्मा, राकेश हुड्डा, इंद्राज रूहिल, वीरेंद्र सिंह, नक्षत्र एलवा, मनजीत सिंह, राजेन्द्र, मनमोहन, विजय शर्मा सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
25 मार्च, 2025

## जिला कलक्टर ने लाईट्स पोर्टल पर दर्ज न्यायिक प्रकरणों को लेकर बैठक में दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में लाईट्स पोर्टल पर दर्ज न्यायिक प्रकरणों को लेकर निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि विभागों के अधिकारी अपने विभाग कार्यालयों से संबंधित उच्च न्यायालय जोधपुर, जयपुर एवं विभिन्न अधीनस्थ न्यायालयों में विचाराधीन रेड/ग्रीन/ऑरेन्ज कैटेगरी के न्यायित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ लाईट्स सॉफ्टवेयर में न्यायिक प्रकरणों के आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। इस दौरान उन्होंने 01 से 10 वर्ष, 10 वर्ष से 20 वर्ष एवं 20 वर्ष से अधिक लंबित न्यायिक प्रकरणों, राज्य सरकार के विरूद्ध निर्णित प्रकरणों की पालना 3 माह से 01 वर्ष, 01 वर्ष से अधिक व अपील से शेष प्रकरण, लाईट्स सॉफ्टवेयर में जवाबदावा पेश करने से शेष न्यायिक प्रकरण 03 माह से 01 वर्ष एवं 01 वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर समुचित निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, एसीईओ दुर्गा ढाका, सानिवि एसई पंकज यादव, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीम सारण हत्याकांडः आरोपी दिलीप कुलड़िया को आजीवन कारावास की सजा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के न्यायालय ने 2019 के भीम सारण हत्याकांड पर अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा व 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अपर अभियोजक पवन कुमार सैनी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 23 अक्टूबर 2019 को गाजुसर सरपंच भीम सारण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में आरोपी दिलीप उर्फ दिलीप उर्फ दलिपीया निवासी फोगां को गिरफ्तार किया था। वहीं दो आरोपी मामले में फरार चल रहे हैं। उस पर कोर्ट में मामला चल रहा था। गवाहों के बयानात व मामले की छानबीन व पुलिस की छानबीन की रिपोर्ट के आधार पर सोमवार को न्यायाधीश महेंद्र कुमार अग्रवाल की ओर से आरोपी दिलीप कुलड़िया को आजीवन कारावास की सजा व 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। भीम सारण हत्याकांड पर कोर्ट की ओर से फैसला सुनाया गया। मामले में दो आरोपी रोहित गोदारा व रोहित स्वामी फरार चल रहे हैं। आपको बता दें 2019 में सरपंच भीम सारण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, उस पर सरदारशहर न्यायालय कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

## बाईकों की भिड़ंत में एक छात्र की मौत, तीन घायल

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के सिमसिया रोड पर दो बाईकों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सूचना मिलने पर राजलदेसर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को राजकीय चिकित्सालय लाई। पुलिस के अनुसार कस्बे के सिमसिया रोड़ पर सोमवार को करीब 12 बजे दो बाईकों की आमने सामने से जबरदस्त टक्कर हो जाने के कारण बाइक पर सवार 4 जने घायल हो गए। घायलों को राजलदेसर राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान कक्षा 12 का छात्र 19 वर्षीय मूलचंद निवासी सिमसिया की मृत्यु हो गई। वही एक महिला सहित तीन गंभीर घायल हो गए जिनमें मृतक के पीछे सवार देवेंद्र जाट, रामचंद्र जाट सिमसिया निवासी, तारामणि जाट उम्र 30 धातरी निवासी घायल हो गई। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार देवेंद्र मूलचंद राजलदेसर से सिमसिया की ओर जा रहे थे, वहीं रामचंद्र राजलदेसर की ओर आ रहे थे तभी आमने-सामने से टक्कर हो गई जिसके कारण बाइक का संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गए। सूचना मिलने पर मौके पर राजलदेसर पुलिस पहुँची और घटना की जानकारी जुटने में लग गई। घटना की जानकारी मिलने पर गांव के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया।

## यातायात डायवर्जन को लेकर एडीएम ने दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार एडीएम अर्पिता सोनी ने आदेश जारी कर चूरू-रतनगढ़ सेक्शन का दोहरीकरण कार्य प्रगति पर होने और कमिशनिंग के अग्रिम चरण के लिए चूरू यार्ड में ट्रेक लिंकिंग की योजना प्रस्तावित होने के कारण पुलिस विभाग व परिवहन विभाग के अधिकारियों को यातायात डायवर्जन को लेकर निर्देश दिए हैं। जारी आदेशानुसार चूरू - रतनगढ़ सेक्शन का दोहरीकरण कार्य प्रगति पर होने और कमीशनिंग के अग्रिम चरण में होने के चलते चूरू यार्ड में ट्रेक लिंकिंग की योजना प्रस्तावित होने के कारण यार्ड में किमी. 280/868 पर विद्यमान लेवल क्रॉसिंग संख्या 165-ए (एम/टी) और किमी. 282/324 से गुजरने वाले सड़क यातायात को 28 मार्च, 2025 से 31 मार्च, 2025 तक निकटवर्ती लेवल क्रॉसिंग/आरओबी से डायवर्ट करने के लिए संबंधित विभागों को नियमानुसार यातायात डायवर्जन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एनडीपीएस एक्ट में पांच साल की जेल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय अपर जिला व सत्र न्यायाधीश ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में आरोपी को दोषसिद्ध मानते हुए 5 साल के कारावास की सजा से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि 3 जुलाई 2016 को मुखवीर से कातर छोटी गांव में आलमीन शेख के पास अफीम की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस कातर बस स्टैंड पर पहुंची

### राजस्थान दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रमों का हो सफल आयोजन- सुराणा

# जिला कलक्टर ने आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक बैठक में दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक बैठक में अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त करते हुए समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी आपसी समन्वय करें और सौंपे गए दायित्वों का समुचित निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए पेंडेंसी शून्य करें। सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों में अधिकारी प्राथमिकता से समुचित जवाब दें और परिवादियों को संतुष्ट करें। जिला व ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करें और परिवादियों को बेहतर स्तर तक संतुष्ट करें। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों से कहा कि आगामी बरसात के दौरान पेयजल व बिजली आपूर्ति के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारियों के साथ समुचित समन्वय कर मुस्तैद प्रबंधन करें। इसी के साथ आईसीडीएस व चिकित्सा विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के समन्वय से सैक्टर बैठक करें और विभागीय कार्यों की मॉनीटरिंग करें। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में ईंट भट्ठों की सूचना भेजें और क्षेत्र के पीएचसी, सीएचसी, उप जिला अस्पताल व जिला अस्पताल के निरीक्षण करें। पीएचईडी व डिस्कॉम के अधिकारी फील्ड स्तरीय टीम को एक्टिवेट करें। जिला कलक्टर ने आईसीडीएस, चिकित्सा, रेवन्यू, शिक्षा, ग्रामीण विकास व पंचायतीराज व स्वायत्त शासन विभागों के केपीआई पर चर्चा करते हुए विभागीय कार्यों में उनके परफॉर्मेंस के लिए प्रगति की समीक्षा करते हुए समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों का नियमित एनालिसिस करें और निरंतर प्रयासों के साथ अपेक्षित प्रगति लाएं। सुराणा ने कहा कि उपखंड अधिकारी स्तर पर एनएफएसए अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को फॉरवर्ड करें तथा पेंडेंसी समाप्त करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों, परिवहन विभाग, एक्साइज, खनन व कॉमर्शियल टैक्स विभाग के अधिकारियों को राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन, पीएम आवास योजना में दूसरी किश्त जारी करने, स्वच्छता सर्वेक्षण, एनएफएसए, पंचायतीराज व ग्रामीण विकास, पालनहार व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में वार्षिक सत्यापन, गिरदावरी, राजस्व अर्जन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने निर्वाचन विभाग से जुड़े बिन्दुओं पर चर्चा की। इस दौरान एसीईओ दुर्गा ढाका, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, सानिवि एसई पंकज यादव, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, डीटीओ नरेश कुमार, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत सहित सभी उपखंडों से वीसी के जरिए उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

## पंचायत समिति की साधारण सभा में गूंजे बिजली-पानी के मुद्दे

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** पंचायत समिति सभागार में सोमवार को साधारण सभा में बिजली, पानी, चिकित्सा और पेयजल के मुद्दे छाए रहे। तारानगर पंचायत समिति प्रधान संजय कस्वां की अध्यक्षता में पेयजल, बिजली, निर्माण, कृषि, समाज कल्याण, शिक्षा, राजस्व, चिकित्सा व स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सिंचाई, वन, पशु चिकित्सा, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, पंचायती समिति वार्षिक प्लान, मनरेगा पूरक प्लान सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर पंचायत समिति सभागार हॉल में सोमवार को पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। जनप्रतिनिधियों ने बैठक में पानी बिजली, सड़क, पानी निकासी, शिक्षा, चिकित्सा आदि का मुद्दा उठाया। प्रधान कस्वां ने अधिकारियो को उक्त समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। विकास अधिकारी विनोद कुमार धायल ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा से घर घर तक पहुंचाने के लिए कहा जिससे गरीब लोगों का भला हो सके। चिकित्सा विभाग से बैठक में कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं आया। इस मौके पर उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी छगनलाल छिंपा, बीडीसी सदस्य मोहर सिह ज्याणी, बन्नेसिह मोगा, क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेन्द्रसिँह, सहायक अभियंता विजय प्रताप कस्वां, शशिकांत मीणा, राजेंद्र बागोरिया, सरपंच राजेश कस्वां, मोहरसिंह धानक, राकेश शर्मा, कृष्ण कुमार सहारण, सुरेन्द्र सहारण, मनोज व्यास, दिनेश प्रजापत सहित अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## किसानों के हितैषी नेता गोपाल सिंह खण्डेला की पुण्यतिथि मनाई

जयपुर टाइम्स




**कांवट(निस)।** राष्ट्रीय किसान नेता व पूर्व डेयरी विकास मंत्री गोपाल सिंह खण्डेला की 27 वीं पुण्यतिथि खण्डेला के सोनगिरी बावड़ी पर उनके पुत्र पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री बंशीधर बाजिया ने अपने हजारों समर्थकों के साथ मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। पुण्यतिथि पर गांव ढाणियों से आए कार्यकर्ताओं ने गोपाल सिंह की जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को उदयभान धींगड़ा, रामेश्वरलाल ऐचरा, रामगोपाल डोरवाल, भोलूराम दूधवाल मोहनलाल धायल, गुलझारी कुमावत, मदनलाल कटेवा, सुवालाल खोखर, मदनगोपाल कुमावत, झूंथाराम मान, रूघनाथ महला, नेमीचन्द कुमावत, कैलाशचन्द धायल, धूंकलराम बाजिया, डॉ. कैलाश पारीक ने संबोधित कर स्व श्री गोपाल सिंह को हर दिल अजीज का हितैषी नेता बताया। इस मौके पर युवा शक्ति राहुल बाजिया ने प्रत्येक कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मांगूराम धूड़, कन्हैयालाल यादव, गिरधारी मंगावा, हरदेव बेनीवाल, पूर्व सरपंच बंशीधर सैनी, भगवान बाजिया, संतोष यादव, रामदेव सैनी, मूलसिंह तंवर, प्रभातीलाल जीतरवाल, एडवोकेट जगदीश प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र बाजिया, हम्मीराम खोखर, फूलचन्द बेनीवाल, रामनाथ बाजिया, बीरबल निठारवाल सहित सरपंच, नाथूलाल वर्मा, पंचायत समिति सदस्य व प्रतिनिधि सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रंगलाल स्वामी, हंसराज बलारा ने किया।

## कार पलटने से युवक घायल




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सोमवार दिन में करीब 12 बजे सालासर रोड पर कार के आगे चल रहे वाहन के अचानक ब्रेक लगने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे जिससे अंकित पुत्र आसुराम जाट उम्र 19 वर्ष निवासी खारिया कनीराम घायल हो गया। जिसे राहगीर सीताराम, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य ने सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया।

## हादसे में दो लोग घायल

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गोपालपुरा और रूपेली के बीच सोमवार अल सुबह ऊंटगाड़ी को पिकअप ने जबरदस्त टक्कर मारी, जिससे दो लोग घायल हो गए। सूचना पर सदर थाने के हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह तथा टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया मौक़े पर पहुंचे। दोनों घायलों को सुजानगढ़ अस्पताल लेकर पहुचे तथा इमरजेंसी मे भर्ती कराया। घायलों मे हंसराज नायक, धन्नाराम नायक निवासी रूपेली के नाम शामिल है। डॉ महिपाल सिंह ने घायलों का इलाज शुरू किया और हंसराज के चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद पिक अप चालक पिक अप वहीं छोड़ कर फरार हो गया।

## राजनैतिक दलों की सक्रिय भूमिका से मतदाताओं की भागीदारी बढ़ेः सुराणा

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में मतदाता सूची में लिंगानुपात पर चर्चा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा निर्वाचन विभाग, राजस्थान के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने सोमवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केन्द्रों पर बीएलए नियुक्त करने और मतदाता सूची में लिंगानुपात व मतदाता -जनसंख्या अनुपात बढ़ाने को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने कहा कि राजनैतिक दलों की सक्रिय भूमिका से विभिन्न निर्वाचन गतिविधियों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़े। राजनैतिक दलों की ओर से मतदान केन्द्रों पर बीएलए नियुक्त करें ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में और अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नवविवाहिताओं के नाम मतदाता सूची में पंजीकरण करवाएं तथा पात्र व्यक्तियों को जागरूक करते हुए मतदाता सूची में आवश्यक रूप से पंजीकृत करवाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने कहा कि बीएलए नियुक्ति करते समय ध्यान रखें कि बीएलए उसी भाग का पंजीकृत मतदाता हो। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी एप्स के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बीजेपी के नारायण बेनीवाल, आईएनसी के असलम खोखर, सीपीआईएम से दीपाराम, शिवप्रकाश शर्मा, गोविंद राहड़, अजय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं को नहीं हो परेशानी, सालासर मेले का हो बेहतरीन प्रबंधन- सुराणा

# कलक्टर व एसपी ने लिया सालासर मेले के आयोजन की तैयारियों का जायजा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व पुलिस अधीक्षक जय यादव ने सोमवार को सालासर मेले के आयोजन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया और इस संबंध में सालासर में हनुमान सेवा समिति सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सालासर मेले का बेहतरीन प्रबंधन करें। मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए सभी अधिकारी आवश्यक तैयारियां रखें और समस्त गतिविधियां समयबद्ध ढंग से पूरी करें। जिला कलक्टर ने कहा कि सालासर मेले के दौरान बिजली, पानी, चिकित्सा सहित व्यवस्थाएं एकदम दुरुस्त रखें। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, अग्निशमन, कंट्रोल रूम व यातायात व्यवस्था प्रबंधित की जाए। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने कहा कि मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारी व सुरक्षाकर्मी अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन करते हुए श्रद्धालुओं का भी सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने मेले से संबंधित महत्त्वपूर्ण पॉइंट्स तथा यातायात, कानून व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी ने मेले के दौरान विभिन्न गतिविधियों व व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी और सहयोग के लिए जिला कलक्टर को आश्वस्त किया। इस दौरान सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनियां, एएसपी दिनेश कुमार, सुजानगढ़ एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, सुजानगढ़ तहसीलदार राजू देवी, यशोदानंदन पुजारी, पूर्व जिला प्रमुख भंवर लाल पुजारी, धर्मवीर पुजारी सहित प्रशासनिक अधिकारी, मेला समिति सदस्य आदि मौजूद रहे।

### गौशाला का किया अवलोकन

इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने श्रीबालाजी गौशाला का अवलोकन किया और व्यवस्थाएं देखी। जिला कलक्टर सुराणा ने गौशाला में गायों को चारा खिलाया और गौशाला परिसर में लगाए गए गोबर गैस संयत्र का निरीक्षण किया। गौशाला अध्यक्ष रविशंकर पुजारी ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।